अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com

उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र

आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

**गाँव से गवर्नेन्स तक**



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुल्तानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 173 | लखनऊ, गुरुवार, 08 जनवरी 2026 | पृष्ठ: 8 | मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### देशभर में 50 हजार से अधिक स्वास्थ्य संस्थानों को एनक्यूएएस का प्रमाणन

नई दिल्ली। देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। देशभर में 50,000 से अधिक स्वास्थ्य संस्थानों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) का प्रमाणन मिल चुका है। 31 दिसंबर 2025 तक कुल 50,373 सरकारी स्वास्थ्य केंद्र और अस्पताल इस मानक पर खरे उतर चुके हैं। यह मानक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा बनाया गया है, ताकि मरीजों को बेहतर, सुरक्षित और भरोसेमंद इलाज मिल सके। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से बुधवार को जारी की गई जानकारी के मुताबिक यह उपलब्धि खासतौर पर गरीब, कमजोर और दूरदराज़ के लोगों के लिए अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम है।

### एनबीएफसी के डेटा ब्रीच मामले में आरबीआई और केंद्र सरकार को नोटिस

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों (एनबीएफसी) और मोबाइल ऐप से लोन देने वाली कंपनियों की ओर से ग्राहकों की निजता के अधिकार और डिजिटल डाटा सुरक्षा के उल्लंघन के मामले में सुनवाई करते हुए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। याचिका हिमाक्षी भार्गव ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि जो ग्राहक एनबीएफसी के डिजिटल ऐप के जरिये लोन ले रहे हैं उनकी निजता और डाटा की सुरक्षा का उल्लंघन किया जा रहा है।

### असम भाजपा के वरिष्ठ नेता कबींद्र पुरकायस्थ का निधन

सिलचर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कबींद्र पुरकायस्थ का आज यहां निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे। वह पिछले कुछ समय से बीमार थे और उनका उपचार सिलचर मेडिकल कॉलेज में चल रहा था जहां बुधवार शाम करीब पांच बजे उनका निधन हो गया। लखीमपुर के सांसद प्रधान बरुवा और असम सरकार के शिक्षा मंत्री रनोज पेगुई ने 'एक्स' पर यह जानकारी साझा की। वरिष्ठ भाजपा नेता के निधन की खबर मिलते ही विभिन्न राजनीतिक नेता-कर्मियों के अलावा शुभचिंतक सिलचर मेडिकल कॉलेज में इकट्ठा हो गए हैं।

# असिस्टेंट प्रोफ़ेसर परीक्षा निरस्त

## मुख्यमंत्री ने दिए पारदर्शी ढंग से जल्द परीक्षा कराने के निर्देश

- एसटीएफ को मिली थी असिस्टेंट प्रोफ़ेसर भर्ती परीक्षा में धांधली की सूचना
- गिरफ्तार तीन लोगों में एक तत्कालीन आयोग अध्यक्ष का गोपनीय सहायक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार को बड़ा निर्णय लेते हुए उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की असिस्टेंट प्रोफ़ेसर भर्ती परीक्षा निरस्त कर दी है। एसटीएफ की जांच रिपोर्ट में अनियमितताओं की जानकारी सामने आने बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने असिस्टेंट प्रोफ़ेसर भर्ती परीक्षा को निरस्त करते हुए आयोग को जल्द पारदर्शी तरीके से पुनः परीक्षा आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

दरअसल, उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज ने विज्ञापन संख्या-51 के अंतर्गत असिस्टेंट प्रोफ़ेसर पद के लिए 16 व 17 अप्रैल 2025 को अप्रैल 2025 में आयोजित की थी। इस परीक्षा के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार को अनियमितताओं व धांधली और अवैध धन वसूली से जुड़ी शिकायतें मिली थीं। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने पूरे मामले की गोपनीय जाँच के आदेश दिए थे। इसके बाद 20 अप्रैल 2025 को एसटीएफ उप्र ने असिस्टेंट प्रोफ़ेसर परीक्षा का फर्जी प्रश्नपत्र बनाकर अभ्यर्थियों से ठगी करने में महबूब अली, बैजनाथ पाल एवं विनय पाल को गिरफ्तार किया था। इसके बाद जाँच की निष्पक्षता एवं गोपनीयता सुनिश्चित रखने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज की तत्कालीन अध्यक्ष कीर्ति पांडेय से इस्तीफा ले लिया गया था। एक आरोपित महबूब अली तत्कालीन आयोग अध्यक्ष कीर्ति का गोपनीय सहायक था। पूछताछ के दौरान आरोपित महबूब अली ने स्वीकार किया कि उसने मॉडरेशन प्रक्रिया के दौरान ही विभिन्न विषयों के प्रश्न पत्र निकाल लिए थे, जिन्हें उसने कई अभ्यर्थियों को विभिन्न माध्यमों से धन लेकर उपलब्ध कराया था। आरोपित महबूब की स्वीकारोक्ति की एसटीएफ ने गहन विवेचना एवं डेटा एनालिसिस से पुष्टि हुई है।

जानकारी के अनुसार जांच के दौरान गिरफ्तार आरोपितों तथा उनसे संबंधित अभ्यर्थियों के मोबाइल नंबरों का डाटा विश्लेषण एवं मुखबिर तंत्र से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर कुछ अन्य व्यक्तियों के नाम एवं मोबाइल नंबर भी प्रकाश में आए। इस संबंध में आयोग को पत्र लिखकर संदिग्ध अभ्यर्थियों का डाटा माँगा गया। डाटा के मिलान में यह तथ्य सामने आया कि उक्त परीक्षा की शुचिता भंग हुई है। इसी आधार पर मुख्यमंत्री योगी ने असिस्टेंट प्रोफ़ेसर की परीक्षा को निरस्त करने के आदेश दिए। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग को निर्देशित किया है कि उपरोक्त परीक्षा का आयोजन शीघ्रातिशीघ्र, पूर्णतः निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए।

# उच्चतम न्यायालय ने आवारा कुत्तों के मुद्दे पर की सुनवाई, कहा अदालत सभी पक्षों को सुनेगी

एजेंसी



नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को आवारा कुत्तों के प्रबंधन एवं जन सुरक्षा से संबंधित मामलों की सुनवाई शुरू करते हुए कहा कि कुत्ते के हमलों के पीड़ितों, पशु प्रेमियों सहित सभी पक्षों की बात सुनी जायेगी।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारी की पीठ ने कहा ''हम आज सबकी बात सुनेंगे। हम पीड़ितों की बात सुनेंगे, फिर नफरत करने वालों और चाहने वालों, दोनों की बात सुनेंगे।'' यह मामला पहले भी सूचीबद्ध था लेकिन इस पर सुनवाई नहीं हो सकी। पिछली बार जब वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल ने जमीनी स्तर पर कुत्तों के साथ अत्यंत अमानवीय व्यवहार का हवाला देते हुए जल्द सुनवाई की मांग की थी तब न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने टिप्पणी की थी कि अदालत अगली सुनवाई में एक वीडियो चलाएगी और पूछेगी कि मानवता क्या है? पीठ ने याद दिलाया कि पिछले साल सात नवंबर को उच्चतम न्यायालय ने स्कूलों, अस्पतालों, खेल परिसरों, बस स्टैंडों और रेलवे स्टेशनों जैसे संस्थागत परिसरों से आवारा कुत्तों को हटाने का निर्देश दिया था। अदालत ने आदेश दिया था कि ऐसे कुत्तों को उचित नसबंदी एवं टीकाकरण के बाद निर्दिष्ट आश्रयों में भेजा जाए और विशेष रूप से निर्देश दिया था कि ऐसे स्थानों से पकड़े गए कुत्तों को उसी स्थान पर वापस नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

# दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष से आतिशी की सदस्यता रद्द करने की मांग



- विधानसभा की कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के कैबिनेट मंत्रियों और विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के मुख्य सचेतक अभय वर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर नेता प्रतिपक्ष आतिशी की सदस्यता रद्द करने और आपराधिक मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है। कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों को बताया कि आज विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को मुख्य सचेतक अभय वर्मा और मंत्रियों ने मिलकर एक पत्र लिखा है।

सिरसा ने कहा कि विधानसभा सदन में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने अपनी सीट से खड़े होकर श्री गुरु तेग बहादुर जी के बारे में जो वक्तव्य दिया, वह अभद्र, शर्मनाक और मर्यादाहीन था।

# आईसीजीएस समुद्र प्रताप भारत की समुद्री सुरक्षा में मील का पत्थर: मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को भारतीय तटरक्षक पोत 'आईसीजीएस समुद्र प्रताप' के नौसेना बेड़े में शामिल होने की सराहना की और इसे देश की समुद्री सुरक्षा और आत्मनिर्भर रक्षा क्षमता की दिशा में बड़ा कदम बताया।

उन्होंने कहा कि इस आधुनिक जहाज के शामिल होने से भारत की तटीय निगरानी और समुद्री हितों की सुरक्षा को और ताकत मिलेगी। यह पोत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की सोच को मजबूत करेगा और देश की सुरक्षा व्यवस्था को नई धार देता है।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, ''आईसीजीएस समुद्र प्रताप कई वजहों से खास है। यह जहाज न सिर्फ सुरक्षा तंत्र को मजबूत करेगा, बल्कि इसमें इस्तेमाल की गई नई तकनीक पर्यावरण को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, जो टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल संचालन को बढ़ावा देती है।''



प्रधानमंत्री में कहा, ''इस जहाज का कमीशन होना भारत की समुद्री यात्रा में एक अहम पड़ाव है। यह दिखाता है कि देश अब रक्षा और समुद्री सुरक्षा के मामले में सिर्फ दूसरों पर निर्भर नहीं रहना चाहता, बल्कि खुद अपनी ताकत बढ़ा रहा है।

### मोदी-नेतन्याहू ने रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने और आतंकवाद के खिलाफ साझा मोर्चे का संकल्प दोहराया

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी अस्थिर हालात के बीच भारत और इजराइल ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने और रणनीतिक साझेदारी और मजबूत करने का संकल्प दोहराया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच बुधवार को टेलीफोन पर बातचीत हुई।

# उत्तर प्रदेश में 20 आईपीएस अधिकारियों का तबादला

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार को 20 आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। इन तबादलों में आईपीएस किरण एस को पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र लखनऊ बनाया गया है। अपर्णा कुमार को संयुक्त पुलिस आयुक्त का कार्यभार सौंपा गया है।

पुलिस मुख्यालय से जारी सूची के आधार पर आईपीएस रामकुमार को अपर पुलिस महानिदेशक, मानवाधिकार लखनऊ से अपर पुलिस महानिदेशक लाजिस्टिक, अपर पुलिस महानिदेशक लाजिस्टिक राजकुमार को अपर पुलिस महानिदेशक मानवाधिकार, अपर पुलिस महानिदेशक पीटीएस जालौन ज्योति नारायन को प्रयागराज जोन, अपर पुलिस महानिदेशक डा. संजीव गुप्ता को प्रयागराज जोन से हटाकर अपर पुलिस महानिदेशक पुलिस मुख्यालय लखनऊ, प्रशान्त कुमार को अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन ?बनाया गया है।

तरुण गाबा को अपर पुलिस महानिदेशक सुरक्षा, आशुतोष कुमार को पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर से अपर पुलिस महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ, मोदक राजेश डी को पुलिस महानिरीक्षक रेलवे से पुलिस महानिरीक्षक स्थापना, आरके भारद्वाज को पुलिस महानिरीक्षक भवन एवं कल्याण से पुलिस महानिरीक्षक रेलवे लखनऊ बनाया गया है। इनके अलावा आनंद सुरेशराव कुलकर्णी को तकनीकि सेवायें से हटाकर पुलिस महानिरीक्षक भ्र?ष्टाचार निवारण संगठन, अमित वर्मा को पुलिस कमिश्रेरट लखनऊ से पुलिस महानिरीक्षक ईओडब्ल्यू उप्र, अखिलेश कुमार निगम को पुलिस महानिरीक्षक सीआईडी, एन कोलान्ची को पुलिस महानिरीक्षक रेलवे प्रयागराज, राजीव मल्होत्रा को पुलिस महानिरीक्षक यूपी एसआईएफएस लखनऊ, रोहन पी कनय पुलिस उपमहानिरीक्षक विशेष जांच, मो. ईमरान को पुलिस उपमहानिरीक्षक भवन एवं कल्याण, संतोष कुमार को पुलिस उपमहानिरीक्षक पीटीएस जालौन और विजय ढुल को यूपी 112 लखनऊ से हटाकर पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज में अपर पुलिस आयुक्त बनाया है।

# राष्ट्र की संप्रभुता से जुड़े मुद्दों पर ले. जनरल सिन्हा देश के लिए प्रेरणास्रोत : राजनाथ

एजेंसी



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि राष्ट्र की संप्रभुता से जुड़े मुद्दों पर स्पष्ट और दृढ़ नीति के साथ आगे बढ़ते भारत के लिए दिवंगत लेफ्टिनेंट जनरल श्रीनिवास कुमार सिन्हा जैसी विभूतियां प्रेरणास्रोत हैं। श्री सिंह ने लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में यहां आयोजित स्मृति व्याख्यान के दौरान वीडियो संदेश में यह बात कही। लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा भारतीय सेना के विशिष्ट अधिकारी थे, जिन्होंने बाद में नेपाल में भारत के राजदूत तथा असम और जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल के रूप में भी सेवा दी। रक्षा मंत्री ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट निष्ठा और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा ऐसे महान सैनिक, राजनयिक और राज्य के कार्यकारी प्रमुख थे जिन्होंने हमेशा राष्ट्र को सर्वोपरि रखा।

रक्षा मंत्री ने अपने संदेश में उस समय का भी उल्लेख किया जब 1926 में जन्मे लेफ्टिनेंट जनरल सिन्हा ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान बर्मा मोर्चे पर चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में देश का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 1947 में पाकिस्तान समर्थित बलों के कश्मीर की ओर बढ़ने के दौरान भारतीय सेना की पहली 'एयरलिफ्ट' को श्रीनगर तक समन्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# उप्र खाद्य प्रसंस्करण नीति -2023 के तहत 33 परियोजनाओं को मंजूरी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीतिऽ2023 के तहत गठित राज्य स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति की बैठक में 33 परियोजना प्रस्तावों को हरी झंडी दे दी गयी है।

इन प्रस्तावों के सापेक्ष लगभग 57 करोड़ के अनुदान को स्वीकृति प्रदान की गई है। समिति द्वारा सभी प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा के बाद संबंधित इकाइयों को पत्र जारी का अनुमोदन किया गया। इससे प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश को नई गति मिलने की उम्मीद है।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नीति के अंतर्गत प्राप्त परियोजना प्रस्तावों पर समयबद्ध और पारदर्शी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्थापित इकाइयों को देय सब्सिडी के मामलों की नियमित समीक्षा करने तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों के माध्यम से प्रदेश में अधिक से अधिक पूंजी निवेश आकर्षित करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

उप्र खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीतिऽ2023 के अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय इम्पावर्ड कमेटी की बैठक दीपक कुमार, कृषि उत्पादन आयुक्त एवं समिति के अध्यक्ष, की अध्यक्षता में एपीसी सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में कुल 35 प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 33 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। इन प्रस्तावों के तहत अम्बेडकरनगर, अलीगढ़, आगरा, कानपुर नगर, कानपुर देहात, कासगंज, गाजियाबाद, चित्रकूट, जौनपुर, गौतम बुद्ध नगर, पीलीभीत, बरेली, बाराबंकी, बस्ती, बुलन्दशहर, मेरठ, लखनऊ, शाहजहांपुर, सहारनपुर, सीतापुर, सुलतानपुर और सोनभद्र सहित 21 जनपदों में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना एवं विस्तार को बढ़ावा मिलेगा।

बैठक में बताया गया कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश बढ़ने से न केवल कृषकों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि प्रदेश के एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने में भी अहम योगदान मिलेगा।

# भीषण शीतलहर में कोई भी फुटपाथ पर न सोए : मुख्यमंत्री

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- सीएम योगी ने किया दो रैन बसेरों का निरीक्षण, जरुरतमंदों में वितरित किया कंबल और भोजन
- शीतलहर से जनता को बचाने के लिए सभी जिलों को उपलब्ध कराई गई है पर्याप्त धनराशि

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को गोरखपुर महानगर में दो अस्थायी रैन बसेरों (बरगदवा व राप्तीनगर) का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की पड़ताल की। इस अवसर पर उन्होंने रैन बसेरे में ठहरे लोगों और रैन बसेरों के बाहर जरूरतमंदों में कंबल व भोजन का भी वितरण किया। निरीक्षण और कंबल वितरण के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में जिला प्रशासन और नगर निगम, नगर निकाय-स्थानीय निकायों के प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी व्यक्ति खुले में, फुटपाथ या पटरियों पर न सोए। उसे रैन बसेरों में उचित व्यवस्था के साथ रहने का सम्मानजनक ठौर दिया जाए। उन्होंने बताया कि जनता को भीषण शीतलहर से बचाने के लिए सभी जिलों में जिला प्रशासन को पर्याप्त धनराशि दी गई है।

बुधवार को गोरखपुर दौरे पर आए सीएम योगी ने बरगदवा और राप्तीनगर स्थित अस्थायी रैन बसेरे का निरीक्षण किया। उन्होंने रैन बसेरों में ठहरे लोगों से उनका हालचाल जाना और बातचीत की। मुख्यमंत्री ने सभी से रैन बसेरे में मिल रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। सबने रैन



बसेरे में उपलब्ध व्यवस्थाओं को लेकर संतोषजनक जवाब दिया और भीषण शीतलहर में अच्छी सुविधा दिलाने के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार भी व्यक्त किया। दोनों रैन बसेरों में और यहां के बाहर मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से जरूरतमंदों में कंबल व भोजन का वितरण कर उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार उनकी सेवा व सहूलियत के लिए संकल्पित भाव से कार्य कर रही है।

रैन बसेरों का निरीक्षण करने के बाद मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्तमान समय में भीषण शीतलहर का प्रकोप है। लोगों को इससे बचाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा सभी जिला प्रशासन को युद्ध स्तर पर कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। हर जिले में व्यापक पैमाने पर रन रैन बसेरों का संचालन करने, जरूरतमंदों में कंबल व ऊनी वस्त्रों का वितरण करने तथा सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त संख्या में अलाव जलाने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि गोरखपुर महानगर में 19 रैन बसेरे संचालित हो रहे हैं, जिनमें एक हजार जरूरतमंद या फुटपाथ-पटरियों पर सोने को मजबूर लोगों के रहने के लिए अस्थायी तौर पर व्यवस्था की गई है। सभी रैन बसेरे सुरक्षित हैं और व्यवस्थित तरीके से संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि गोरखपुर की तरह ही प्रदेश के सभी महानगरों सभी जनपदों में व्यापक पैमाने पर रैन बसेरे संचालित किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन और नगर निकाय-स्थानीय निकाय प्रशासनों को हिदायत दी गई है कि जिसके पास अपना स्वयं रहने का ठिकाना नहीं है, वे लोग फुटपाथ पर गुजारा न करें बल्कि उन्हें रैन बसेरों में लाकर उचित व्यवस्था दी जाए। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में जिला प्रशासन और नगर निकाय प्रशासन की तरफ से ये कार्य किए जा रहे हैं।

# राज्यपाल ने 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2026' के प्रतिभागियों से किया संवाद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन में 10 से 12 जनवरी, 2026 तक नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 29वें राष्ट्रीय युवा उत्सव 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2026' में प्रतिभाग हेतु चयनित उत्तर प्रदेश के 79 प्रतिभागियों से संवाद किया। राज्यपाल ने राजभवन में उपस्थित सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए उनकी वेशभूषा की सराहना की तथा उनके द्वारा पहने गए साफा/पगड़ी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह पगड़ी सम्मान, दायित्व और विश्वास का प्रतीक है, जिसकी लाज रखना प्रतिभागियों के हाथ में है। जिस उद्देश्य के लिए वे जा रहे हैं, उसमें सफलता प्राप्त कर उत्तर प्रदेश की प्रतिष्ठा को गौरवान्वित करना उनका कर्तव्य है। प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए राज्यपाल ने भारत की योग परंपरा, सांस्कृतिक प्रवृत्तियों और विरासत को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि योग दिवस के माध्यम से भारत ने विश्व को अपनी सांस्कृतिक शक्ति से परिचित कराया है। राज्यपाल ने भाषा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि विदेशों में युवा हिंदी, पाली और संस्कृत जैसी भाषाओं में रचित ग्रंथों पर शोध करना चाहते हैं, जिसके लिए वे भारत आकर इन भाषाओं का अध्ययन करते हैं। उन्होंने कहा कि नया भारत और नई दुनिया केवल एक या दो भाषाओं से नहीं चलेगी, बल्कि हमें बहुभाषी दृष्टिकोण अपनाना होगा। इस अवसर पर सचिव, युवा कल्याण एवं खेल, सुहास एल0वाई0 ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए सभी प्रतिभागियों की ओर से राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), खेल एवं युवा कल्याण विभाग गिरीशचन्द्र यादव,विशेष कार्याधिकारी (अपर मुख्य सचिव स्तर), डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, विशेष सचिव, युवा कल्याण एवं खेल विनीत कुमार उपस्थित रहे।

## रेस्टोरेंट के बाथरूम में मिला कर्मचारी का शव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र स्थित एक रेस्टोरेंट के बाथरूम में बुधवार को कर्मचारी का शव फांसी के फंदे से लटका मिला है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। चिनहट थाना में तैनात उपनिरीक्षक विकास तिवारी ने बताया कि हरदोई के दुलार नगर निवासी करुणेश सिंह का बेटा शिवम सिंह (27) विकल्प खंड 2 स्थित एक रेस्टोरेंट में काम करता था। आज शिवम का शव बाथरूम में बेडशीट के सहारे फांसी पर लटका मिला है। मौके पर फारेंसिक टीम के साथ घटना की वीडियो ग्राफी कराते हुए साक्ष्य एकत्र किए गए हैं। मृतक शिवम के साथ रहने वाले सीतापुर निवासी अर्जुन यादव और लखनऊ के अभिनव यादव से पूछताछ की गई। उन्होंने बताया कि आज सुबह बाथरूम का दरवाजा बंद मिलने पर तोड़ा गया तो अंदर शिवम का शव फांसी पर लटका मिला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। उपनिरीक्षक ने बताया कि घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दिया गया है।

# उप्र पीसीएस कार्यकारी शाखा एसोसिएशन : लखनऊ में बनेगा पीसीएस भवन, समिति गठित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पीसीएस भवन बनाने की तैयारी है। इस भवन में पीसीएस संघ का कार्यालय और गेस्ट हाउस बनेगा। प्रदेश में पहली बार यह पहल की गई है और प्रारंभिक तौर पर भूमि क्रय करने के लिए संघ की ओर से 11 सदस्यीय समिति गठित की गई है। उत्तर प्रदेश पीसीएस (कार्यकारी शाखा) एसोसिएशन के अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने एक पत्र जारी कर सभी पीसीएस अधिकारियों को इस प्रस्ताव की जानकारी देते हुए सहयोग की भी अपेक्षा की है। इस पत्र में कहा गया है कि अभी तक लखनऊ में पीसीएस संघ का कोई कार्यालय और गेस्ट हाउस नहीं है जबकि अधिकारियों को शासकीय कार्य से सचिवालय या माननीय न्यायालय के कार्य से आना-जाना पड़ता है। ऐसे में रात में ठहराने के लिए इधर उधर इंतजाम करना पड़ता है। इसके अलावा कार्यालय न होने से संघ की गतिविधियों के संचालन में भी दिक्कतें आती हैं। इस लिहाज से लखनऊ में एक पीसीएस भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। संघ के अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने पहल करते हुए लगभग दो एकड़ भूमि के चयन के लिए एक ग्यारह सदस्यीय समिति का गठन कर दिया है। संघ का लक्ष्य है कि जल्द से जल्द भूमि के क्रय का काम पूरा कर लिया जाय। पीसीएस अधिकारियों की सहयोग धनराशि से भूमि क्रय किया जाएगा। संघ भवन के लिए इस तरह गंभीर प्रयास शुरु होने से अब माना जा रहा है कि अब राजधानी लखनऊ में पीसीएस संघ का अपना कार्यालय और भवन होगा।

# पूर्वांचल के कूर्मियों में वर्चस्व की जंग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। सरदार सेना के अध्यक्ष डॉ. आरएस पटेल ने जबसे जनहित संकल्प पार्टी का गठन किया है, यूपी के पूर्वांचल के कूर्मियो में वर्चस्व की जंग तेज हो गई है। कुर्मी समाज का दल कहे जाने वाले अपनादल एस में भी बेचौनी है। यह बेचौनी ज्यादा इसलिए है कि कुर्मी वोटों के लिए भाजपा धीरे-धीरे करके अपना दल एस से निर्भरता कम करने का प्रयास कर रही है। स्वतंत्रदेव सिंह के फ़ेल होने के बाद केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी को बीजेपी ने प्रदेश अध्यक्ष के रूप में प्रोजेक्ट किया है। पंकज चौधरी के बीजेपी का प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद बदल रहे सियासी समीकरण। अपना दल एस का बेस वोट कुर्मी है। मिर्ज़ापुर बनारस जौनपुर प्रयागराज प्रतापगढ़ फतेहपुर सहित कुछ अन्य कुर्मी बाहुल्य जिलों में भी मजबूती है। सत्ता के लिए भाजपा को अपना दल एस और अपना दल एस को भाजपा की जरूरत है। इन दोनों दलों के बीच गठबंधन 2014 से कायम है। भाजपा ने झटका देने का प्रयास किया जरूर, लेकिन जब खिसकती जमीन दिखी तो आंखें खुलीं।अपना दल एस पर से निर्भरता खत्म करने के लिए भाजपा ने पहले स्वतंत्रदेव सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनाया। स्वतंत्रदेव सिंह मूलरूप से पूर्वांचल के मिर्ज़ापुर के हैं। लेकिन वह अपने को कुर्मी नेता के रूप में प्रतिस्थापित करने में नाकामयाब रहे। टार्गे था पूर्वांचल से अपना दल एस का प्रभाव कम कर अपना बढ़ाये लेकिन सफल नहीं हो सके। यही टार्गेट संभवतः नए प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को भी मिला होगा।लखनऊ से बाहर उनका दौरा आठ जनवरी को मिर्ज़ापुर होने जा रहा है। वह पूर्व मंत्री और चुनार के पूर्व विधायक कद्दावर नेता रहे ओमप्रकाश सिंह से भी मिलने उनके गांव मगरहा जाने वाले हैं। चर्चा है मकर संक्रांति के बाद योगी मंत्रिमंडल के होने वाले विस्तार में अनुराग सिंह को मंत्री बनाया जा सकता है। इससे मिर्ज़ापुर और बनारस दोनों में अपना दल एस पर प्रभाव पड़ना तय है। अनुराग सिंह की मां स्व. सरोज सिंह बनारस की मेयर रही हैं।अनुराग सिंह का घर भी सीखड़ ब्लॉक के मगरहा गांव में है। उनका बनारस के कुर्मी बाहुल्य विधानसभाओं में आना-जाना रहता है। अनुराग सिंह को मंत्री बना दिया जाता है तो मिर्ज़ापुर में सत्ता के दो केंद्र हो जाएंगे। इसमें अनुराग मजबूत हो सकते हैं। अनुप्रिया पटेल और अनुराग सिंह में 2014 से ही 36 का रिश्ता है।मिर्ज़ापुर संसदीय सीट को सामान्य बनाने में अनुराग सिंह ने ही मेहनत की, यह कहना गलत नहीं होगा। तैयारी थी उन्हें भारतीय जनता पार्टी से लोकसभा का चुनाव लड़ने की लेकिन ऐन मौके पर भारतीय जनता पार्टी का गठबंधन अपना दल से हो गया और बनारस से मोदी की जीत पक्की होने लिए मिर्ज़ापुर संसदीय सीट अपना दल एस के कोटे में चली गई। तभी से अनुप्रिया पटेल लगातार चुनाव जीत रही हैं। सांसद न बन पाने की कसक अनुराग सिंह के मन में है, उनके पिता ओमप्रकाश सिंह भी भूले नहीं हैं। प्रदेश में कुर्मी जाति के लोगों पर जहां भी अत्याचार हो रहा है,वहाँ जनहित संकल्प पार्टी के नेता पहुंच रहे हैं। न्याय के लिए आवाज बुलंद कर रहे हैं। पूर्वांचल में कुर्मी समाज का रुझान तेजी से इस ओर बढ़ा है। अपना दल एस इसके प्रभाव को कम करना चाहता है, भाजपा भी। नुकसान से बचने के लिए भाजपा और अपना दल एस दोनों मंथन में जुटे हैं। आगामी विस्तार में अपना दल एस अपनी पार्टी से एक और मंत्री चाहता है। ज्यादा संभावना है कि वह पूर्वी उत्तर प्रदेश का और कुर्मी विधायक ही होगा। अनुप्रिया पटेल नीत अपना दल एस उन्नीस नहीं है। उसके पास कुर्मी का बड़ा वोट बैंक है। भाजपा की हर चाल का जवाब यही है। इस बीच कुर्मी समाज के तीनों दलों अपना दल एस, अपना दल कमेरावादी तथा जनहित संकल्प पार्टी के लिए बड़ी चुनौती तो भाजपा खड़ी कर रही है। देखना है कि इस चुनौती से ये तीनों दल कैसे निपटते हैं।

# यूपी में फ्यूचर रेडी तहसीलों का निर्माण, थमेगा भ्रष्टाचार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। प्रदेश सरकार राजस्व प्रशासन को अत्याधुनिक, डिजिटल और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश भर में फ्यूचर रेडी तहसीलों का निर्माण किया जाएगा। इसका उद्देश्य तहसील स्तर पर नागरिकों को तेज, भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी और तकनीक-आधारित राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराना है। फ्यूचर रेडी तहसीलें उत्तर प्रदेश में डिजिटल इंडिया और ई-गवर्नेंस के माध्यम से प्रशासनिक क्रांति लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं, जो नागरिक-केंद्रित शासन को मजबूत करने के साथ राज्य के समग्र विकास को नई रफ्तार देंगी। इन तहसीलों में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म, ई-फाइलिंग सिस्टम, ऑनलाइन रिकॉर्ड मैनेजमेंट और स्मार्ट वर्कस्पेस जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके लिए सभी तहसीलों का सर्वे और विस्तृत फ्रेमवर्क तैयार करने का कार्य चल रहा है, जिसे जून 2026 तक पूरा करने की समय सीमा तय की गई है। भूमि अभिलेख, नामांतरण, प्रमाण-पत्र जारी करना, विवाद निपटारा और अन्य राजस्व सेवाएं पूरी तरह ऑनलाइन की जाएंगी। नागरिकों को बार-बार तहसील कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और घर बैठे सेवाएं उपलब्ध होंगी, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। राजस्व प्रशासन के डिजिटलाइजेशन से प्रदेश की ग्रामीण और शहरी अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। भूमि रिकॉर्ड और राजस्व सेवाओं में पारदर्शिता बढ़ने से निवेश का माहौल बेहतर होगा और विकास परियोजनाओं को गति मिलेगी।

# शताब्दी वर्ष पर अवध प्रान्त में हिन्दू सम्मेलनों की धूम





राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ(आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में इन दिनों अवध प्रान्त में हिन्दू सम्मेलनों की धूम मची है। अवध प्रान्त के सभी जिलों में पहली बार मण्डल स्तर पर हिन्दू सम्मेलन हो रहे हैं। इन सम्मेलनों में बड़ी संख्या में सर्व समाज के युवा, प्रौढ़ व महिलाएं आ रही हैं। संघ ने ग्रामीण क्षेत्रों में मण्डल स्तर और नगरीय क्षेत्रों में बस्ती स्तर पर हिन्दू सम्मेलन करने की योजना बनाई है। सभी जिलों में विगत 01 जनवरी से हिन्दू सम्मेलन शुरू भी हो चुके हैं। इन सम्मेलनों में संघ के प्रान्त, क्षेत्र व अखिल भारतीय स्तर के पदाधिकारियों के साथ साधु संत भी हिस्सा ले रहे हैं। वहीं उत्तर प्रदेश की राजधारी लखनऊ में 400 से अधिक स्थानों पर हिन्दू सम्मेलन आयोजित किये जायेंगें। इसी क्रम में लखनऊ के सदर बाजार में भी प्रान्त सामाजिक समरस्ता प्रमुख राजकिशोर ने हिन्दू सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सभी हिन्दू आपस में भाई भाई हैं। अस्पृस्ता का हिन्दू समाज में कोई स्थान नहीं है। अनेक महापुरूषों में सामाजिक समरस्ता के लिए काम किया है। लखनऊ के सह विभाग कार्यवाह ब्रजेश पाण्डेय ने बताया कि लखनऊ विभाग में 49 नगर, 413 बस्ती व 1652 उप बस्ती हैं। लखनऊ की सभी बस्तियों में हिन्दू सम्मेलनों के स्थान व तिथियां तय हो गयी हैं।

## जाम से परेशान जनता पूछ रही सवाल कब स्थानान्तरित होगा चारबाग का बस अड्डा

लखनऊ। चारबाग बस टर्मिनल को नवीन मूर्तरूप प्रदान करने के लिए कार्य शुरू हो चुका है और गतिपूर्वक चल रहा है। जिसके लिए बस अड्डे के निकास द्वार को पूरी तरह से बंद किया जा चुका है। जिसके कारण तथा विभागीय अव्यवस्था के चलते वहां हर समय जाम की भीषण स्थिति बनी रहती है। पीक आवर में तो स्थिति बद से बदतर हो जाती है। मात्र दो सौ मीटर की दूरी को पार करने में एक घंटे से अधिक का समय लग रहा है। बस अड्डे के पूरी तरह से शिफ्ट न होने के कारण यहां यात्रियों के लगातार पहुंचने के कारण प्रवेश द्वार से ही बसों का आवागमन चालू रखा गया है। इसके बाद तमाम रोडवेज की बसों के साथ डग्गामार वैन और कारें भी सड़क पर ही खड़ी रहती है। जो विभागीय अधिकारियों पुलिस प्रशासन के अलावा अन्य सभी को आसानी से दिखायी देती है। जिसकी वजह से सड़क पर आसपास का यातायात पूर्णरूप से बाधित होने लगता है। चारबाग के जाम के चलते लोग चारबाग से मेंट्रो पकड़ने बजाय दुर्गापुरी से ही मेट्रो पकड़ना अधिक पसंद कर रहें है।

# भाजपा सरकार मनरेगा को खत्म करने की गोपनीय साजिश बना रही

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने की कोशिश इस प्रमुख ग्रामीण रोजगार योजना को धीरे-धीरे खत्म करने की एक गोपनीय साजिश रची गयी है। गौरतलब है कि पिछले संसदीय सत्र में पारित नया कानून विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन-ग्रामीण (वीबी-जीरामजी) अधिनियम, 2025, मनरेगा की जगह ले रहा है। इस नए कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के मजदूरी रोजगार की गारंटी दी गई है। इसका ध्यान बुनियादी ढांचे और परिसंपत्तियों के निर्माण पर है, जिसमें तकनीक का उपयोग, मजदूरी के लिए केंद्र-राज्य के बीच 60/40 का नया वित्तीय अनुपात, पारदर्शिता (बायोमेट्रिक,जियो-टैगिंग) और पीएम गति शक्ति जैसे राष्ट्रीय लक्ष्यों से ग्रामीण कार्यों को जोड़ने का प्रावधान है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि मनरेगा एक सरकारी योजना थी, जो ग्रामीण परिवारों को प्रति वर्ष 100 दिनों के अकुशल मजदूरी कार्य की कानूनी गारंटी देती थी। इसका उद्देश्य आजीविका सुरक्षा बढ़ाना और सड़कों, तालाबों और जल संरक्षण संरचनाओं जैसे ग्रामीण बुनियादी ढांचे का निर्माण करना था। यह न्यूनतम मजदूरी, पुरुष-महिला को समान वेतन और 15 दिनों के भीतर काम न मिलने पर बेरोजगारी भत्ता सुनिश्चित करती थी। यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर एक बयान पोस्ट करते हुए कहा कि मनरेगा का नाम बदलने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा, बल्कि यह भाजपा की उस मंशा को दर्शाता है जिसके तहत इस योजना को गुपचुप तरीके से खत्म करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा, ष्मनरेगा का नाम बदलने से कुछ नहीं बदलेगा। असल में यह मनरेगा को धीरे-धीरे खत्म करने की भाजपा की गुप्त साजिश है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार कई तरीकों से इस योजना को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा, एक तरफ भाजपा सरकार लगातार मनरेगा का बजट घटा रही है, दूसरी तरफ उसने राज्यों पर ऐसा वित्तीय दबाव बना दिया है कि केंद्र से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) मुआवजे में देरी और कमी के कारण पहले से खाली खजाने वाले राज्य यह सोचने को मजबूर हैं कि अतिरिक्त धन कहां से लाएं। यादव ने दावा किया कि इससे राज्य अंततः इस योजना को सीमित करने या छोड़ने को मजबूर हो जाएंगे। सपा अध्यक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र ने सैकड़ों ग्राम सभाओं को शहरी श्रेणी में डालकर मनरेगा को एक और झटका दिया है, जिससे वे ग्रामीण रोजगार निधि से वंचित हो गई हैं। उन्होंने कहा, कई ग्राम सभाओं को शहरी श्रेणी में डालकर भाजपा सरकार ने उनका मनरेगा बजट भी छीन लिया है। यादव ने कहा, भाजपा का असली लक्ष्य सिर्फ मनरेगा का नाम बदलना नहीं, बल्कि उसे पूरी तरह राम-राम कह देना है। भाजपा की प्राथमिकताओं पर तंज कसते हुए उन्होंने जोड़ा, भाजपा अपने अलावा किसी और का पेट भरते देख नहीं सकती। विपक्षी दल लंबे समय से केंद्र पर मनरेगा के लिए अपर्याप्त बजट आवंटन और मजदूरी भुगतान में देरी के आरोप लगाते रहे हैं, हालांकि सरकार इन आरोपों को खारिज करती रही है और कहती है कि आवंटन मांग-आधारित है तथा आवश्यकता के अनुसार धन जारी किया जाता है। इस मुद्दे को गरीबों के अधिकारों से जुड़ी बड़ी लड़ाई बताते हुए सपा अध्यक्ष ने कहा, आज के गरीबों को भाजपा की जरूरत नहीं है। उन्होंने संकेत दिया कि आगामी चुनावों से पहले मनरेगा और कल्याणकारी खर्च विपक्ष के हमलों का प्रमुख मुद्दा बने रहेंगे।

## 31 जनवरी तक संपत्ति घोषित न करने पर रुकेगा वेतन और प्रमोशन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राज्य के करीब 14 लाख सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को कड़ा संदेश दिया है। शासन के नए आदेश के अनुसार, सभी श्रेणियों के कर्मियों को 31 जनवरी तक मानव संपदा पोर्टल पर अपनी चल-अचल संपत्ति का पूरा विवरण अपलोड करना होगा। जो कर्मचारी आदेश की अनदेखी करेंगे, उन्हें न केवल आर्थिक नुकसान झेलना होगा बल्कि उनके करियर की प्रगति पर भी ब्रेक लग जाएगा। सरकार का मानना है कि लोक सेवकों द्वारा अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करना भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे पहले भी कई बार निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने पोर्टल पर डेटा अपडेट नहीं किया था। मुख्य सचिव ने विभागाध्यक्षों को सख्त हिदायत दी है कि वे मातहतों से समय सीमा के भीतर डेटा फीडिंग सुनिश्चित कराएं, ताकि सरकारी कामकाज में जवाबदेही तय की जा सके। सरकार का रुख काफी सख्त है।

# लखनऊ में पारंपरिक पसंदीदा व्यंजनों के साथ आधुनिक क्यूज़ीन ने भी अपनी जगह बनाई

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

## हाऊ इंडिया स्विगी के लखनऊ एडिशन ने पेश किया बीते साल का स्वादिष्ट रीकैप

लखनऊ। लखनऊ की खाने की पसंद में पारंपरिक और नए ज़माने के स्वादों का शानदार मेल देखने को मिला। क्लासिक नाश्तों से लेकर भरपेट डिनर और देर रात की तलब तक, पारंपरिक पसंदीदा व्यंजनों के साथ आधुनिक क्यूज़ीन ने भी अपनी जगह बनाई। 'हाऊ इंडिया स्विगी' के लखनऊ एडिशन, जो शहर की बदलती फूड हैबिट्स की एक झलक और बीते साल का स्वादिष्ट रीकैप पेश की है।

इन रुझानों पर बात करते हुए, स्विगी फूड मार्केटप्लेस के चीफ बिज़नेस ऑफिसर सिद्धार्थ भाकू ने कहा 2025 में खाना हमारे रोज़मर्रा के जीवन और जश्न का अहम हिस्सा बना रहा और भारत ने अपने पसंदीदा व्यंजनों का आनंद लिया। लखनऊ शहर में हमने पारंपरिक स्वाद और राष्ट्रीय पसंद के बीच बेहतरीन संतुलन देखा। देर रात की भूख से लेकर प्रीमियम डाइनिंग आउट तक, लखनऊ ने खाने के ज़रिए अपनी सांस्कृतिक विविधता को अपनाया। खाना एक भावना है, और हम शहर के हर कोने में, हर भोजन, हर जश्न के साथ, बेहतरीन फूड अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शहर की पसंदीदा चीज़ें : 2025 में चिकन बिरयानी लखनऊ का सबसे ज्यादा ऑर्डर किया जाने वाला व्यंजन रहा, लगभग 5.5 लाख ऑर्डर के साथ इसने अपनी बादशाहत कायम रखी। इसके बाद पनीर ग्रेवी और तीसरे स्थान पर पनीर पिज़्ज़ा रहा। मिठाइयों में देसी क्लासिक्स की धूम रही। बूंदी लड्डू औसतन रोज़ 176 से अधिक बार ऑर्डर होकर चार्ट में सबसे आगे रहा, इसके बाद गुलाब जामुन और काजू बर्फी रहे। शहर की सुबहें जानी-पहचानी पसंद के साथ शुरू हुईं। वेज कचौड़ी ने नाश्ते के ऑर्डर में औसतन रोज़ करीब 240 ऑर्डर के साथ बढ़त दर्ज की, इसके बाद वेज बन्स और वेज वड़ा रहे। आलू पराठा और प्याज़ कचौड़ी जैसे अन्य पसंदीदा व्यंजनों को भी सालभर अच्छी मांग मिली। दोपहर (3 बजे से शाम 7 बजे) स्नैक टाइम में 1 लाख से ज्यादा ऑर्डर के साथ वेज बर्गर छाए रहे, जबकि पनीर पिज़्ज़ा दूसरा सबसे पसंदीदा स्नैक बना। डिनर लखनऊ का सबसे पसंदीदा समय बनकर उभरा, जहां डिनर ऑर्डर में साल-दर-साल 15प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। देर रात खाने का चलन भी धीरे-धीरे शहर में लाइफस्टाइल बनता जा रहा है, जहां रात 12 बजे से 2 बजे के बीच ऑर्डर में 25.6प्रतिशत की सालाना बढ़त देखी गई। दिन की शुरुआत शाकाहारी क्लासिक्स से होती थी तो देर रात की क्रेविंग कुछ अलग ही कहानी बयां की, जहां पनीर पिज़्ज़ा सबसे आगे रहा, इसके बाद वेज बर्गर और चिकन बर्गर रहे। खाने का प्यार किसी सीमा में बंधा नहीं रहा, कर्नाटक क्यूज़ीन 42प्रतिशत सालाना वृद्धि के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाली क्यूज़ीन बनी, इसके बाद 36प्रतिशत के साथ बंगाली क्यूज़ीन रही। महाराष्ट्रीयन क्यूज़ीन को 1.63 लाख ऑर्डर मिले और आंध्र क्यूज़ीन ने 1.4 लाख ऑर्डर दर्ज किए, जो देशभर के स्वादों के प्रति शहर की बढ़ती रुचि को दर्शाता है। चलते-फिरते खाने का चलन भी खूब बढ़ा, जहां लखनऊ जंक्शन पर फूड ऑन ट्रेन ऑर्डर में सालभर में 200प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई। किफायती खाने के विकल्पों को शहर में खूब पसंद किया गया। स्विगी के 99 स्टोर पर पिज़्ज़ा टॉप सेलिंग में शामिल रहा, जहां पनीर पिज़्ज़ा औसतन रोज़ करीब 213 बार ऑर्डर किया गया। वेज पिज़्ज़ा और कॉर्न पिज़्ज़ा भी वेज बर्गर के साथ टॉप 5 ऑर्डर किए जाने वाले व्यंजनों में शामिल रहे। दफ्तरों में, खाने ने लंबे कामकाजी दिनों और टीम सेलिब्रेशन को ऊर्जा दी। डेस्कईट्स पर मैकआलू टिक्की बर्गर औसतन रोज़ 242 ऑर्डर के साथ सबसे ज्यादा मंगाया गया, जबकि क्रिस्पी वेज बर्गर और पिज़्ज़ा मैकपफ भी टॉप पसंद में रहे।

# दिव्यांगजन सशक्तीकरण पर योगी सरकार का विशेष फोकस

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजनों के सर्वांगीण पुनर्वासन को नई गति देने के लिए महत्वपूर्ण पहल की है। सरकार का लक्ष्य है कि दिव्यांगजन शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार के अवसरों में समान भागीदारी प्राप्त कर सकें और समाज की मुख्यधारा से जुड़ते हुए आत्मनिर्भर जीवन जी सकें। दिव्यांगजन के सर्वांगीण पुनर्वासन हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता योजनाङ्क लागू की गई है, जिसके तहत पात्र स्वैच्छिक संस्थाओं को अनुदान प्रदान किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में परिभाषित 21 प्रकार की दिव्यांगताओं के लिए सहायता प्रदान की जाएगी, जबकि मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रुग्ण दिव्यांगजन इस योजना के दायरे से बाहर रखे गए हैं। सरकार का उद्देश्य विभिन्न श्रेणियों के दिव्यांग बच्चों और युवाओं को प्रारंभिक हस्तक्षेप, शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल विकास की सुविधाएं उपलब्ध कराकर उनके पुनर्वासन की एक सुदृढ़ व्यवस्था तैयार करना है।प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने दिव्यांगजनों के पुनर्वासन से जुड़ी योजनाओं को जमीनी स्तर तक प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि योगी सरकार की प्राथमिकता है कि दिव्यांगजन शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और रोजगार के प्रत्येक क्षेत्र में समान अवसर प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि दिव्यांगजनों के सर्वांगीण पुनर्वासन हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता प्रदान करने की योजना के माध्यम से प्रदेश सरकार सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा दे रही है। योजना अंतर्गत दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में उल्लिखित 21 प्रकार की दिव्यांगताओं से प्रभावित व्यक्तियों के लिए संचालित पुनर्वासन परियोजनाओं को अनुदान दिया जा रहा है, जिससे दिव्यांग बच्चों और युवाओं को प्रारंभिक हस्तक्षेप, शिक्षा, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास की समुचित सुविधाएं मिल सकें। मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रुग्ण दिव्यांगजनों को छोड़कर अन्य दिव्यांग वर्गों के लिए यह योजना प्रभावी रूप से लागू की जा रही है।योजना के अंतर्गत अर्ली इंटरवेंशन सेंटरों की स्थापना, डे-केयर सेंटरों एवं प्री-प्राइमरी विद्यालयों का संचालन, प्राथमिक से हाईस्कूल स्तर तक विशेष विद्यालयों का संचालन, दिव्यांगजनों के लिए कौशल विकास कार्यक्रम, पाठ्य सामग्री निर्माण, ब्रेल एवं सहायक उपकरणों की उपलब्धता तथा दिव्यांगजनों से संबंधित पुस्तकालयों के संचालन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को सहायता अनुदान के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# अमेरिकी हमले का कोई कानूनी आधार नहीं

वेनेजुएला में अमेरिका ने जो किया, उसकी कानूनी वैधता को लेकर तीखी बहस छिड़ गई है। अमेरिका ने इस कार्रवाई को मादुरो की गिरफ्तारी के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सैन्य समर्थन देने की तरह बताया है। मादुरो पर 2020 में नार्को-आतंकवाद और मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में अभियोग लगाया गया था। लेकिन मजे की बात है कि मादुरो की पत्नी सेलिया फ्लोरेस को भी गिरफ्तार कर लिया गया है और संशोधित अभियोग का हिस्सा बना दिया गया है। जबकि 2020 के मूल अभियोग में उनका नाम शामिल नहीं था। अधिकांश अंतरराष्ट्रीय कानून विशेषज्ञों, यूएन और कई देशों की सरकारों का कहना है कि अमेरिका की ये कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। उनकी दलीलों की बुनियाद में राज्यसत्ता की सम्प्रभुता है। जबकि ट्रम्प प्रशासन इस आरोप का बचाव एक कानून प्रवर्तन कार्रवाई के रूप में करता है, जिसका उद्देश्य अमेरिकी कानून के तहत नार्को-आतंकवादी घोषित एक व्यक्ति को मुकदमे के लिए कठघरे में लाना है। प्रचलित अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत सम्प्रभु देश के राष्ट्राध्यक्षों को विदेशी अदालतों में इम्युनिटी प्राप्त होती है। स्वयं अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 1812 में इस विषय पर दिए एक निर्णय में इसे मान्यता दी थी। लेकिन ट्रम्प प्रशासन का दावा है कि मादुरो वैध राष्ट्रपति नहीं हैं। तथ्य तो यही है कि उन्होंने बार-बार चुनाव जीते हैं और वे अपने देश की राष्ट्रीय निर्वाचन परिषद द्वारा निर्वाचित घोषित किए गए हैं। इसलिए चुनावों में धांधली का दावा भी किस अधिकार के बूते किया जा सकता है? दूसरा, और अधिक गंभीर पहलू वेनेजुएला पर कब्जा करके उसके तेल संसाधनों का नियंत्रण अपने हाथों में लेने की अमेरिकी योजना है। वेनेजुएला के पास दुनिया का सबसे बड़ा प्रमाणित तेल भंडार है। ट्रम्प ने संकेत दिया है कि उन्होंने वेनेजुएला की उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज को अमेरिकी निर्देशों का पालन करने के लिए मना लिया है। हालांकि इसके बाद रोड्रिगेज ने अमेरिकी कार्रवाइयों की निंदा की। ट्रम्प यह भी कह चुके हैं कि अमेरिका वेनेजुएला में एक ऑकुपेशन-फोर्स के साथ ही तेल विशेषज्ञों को भी भेज सकता है, ताकि उसके तेल उद्योग को अपने नियंत्रण में लिया जा सके। लेकिन किसी देश पर कब्जा करने और उसके संसाधन को वैश्विक बाजार में बेचने के लिए न तो अमेरिकी कानून और न ही अंतरराष्ट्रीय कानून ट्रम्प को कोई कानूनी इजाजत देते हैं। यूएन चार्टर का अनुच्छेद 2(4) आत्मरक्षा के औचित्य या यूएन की स्पष्ट अनुमति के बिना किसी अन्य राज्य की क्षेत्रीय अखंडता या राजनीतिक स्वतंत्रता के विरुद्ध बल प्रयोग करने या इसकी धमकी देने पर भी प्रतिबंध लगाता है। इन अर्थों में वेनेजुएला पर किया गया हमला यूएन चार्टर का स्पष्ट उल्लंघन हैं। नार्को-तस्करी का आरोप भी केवल इन अवैध अमेरिकी कार्रवाइयों को जायज ठहराने के लिए ही लगाया गया है। वास्तव में, अमेरिका की आधिकारिक नेशनल ड्रग थ्रेट असेसमेंट रिपोर्ट 2025 में मादुरो के बारे में बहुत कम या लगभग कुछ भी नहीं कहा गया था। इसके विपरीत, इसमें मैक्सिको, कोलंबिया और कुछ अन्य लैटिन अमेरिकी देशों को मादक पदार्थों के प्रमुख स्रोत के रूप में चिह्नित किया गया था। अमेरिकी कानून के तहत भी इस कार्रवाई की वैधता को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। युद्ध की घोषणा करने का अधिकार केवल अमेरिकी कांग्रेस के पास है, लेकिन ट्रम्प प्रशासन इसे महज एक कानून प्रवर्तन कार्रवाई बता रहा है। जबकि ऐसी कार्रवाइयों में पूरे नौसैनिक बेड़े, 150 विमानों और हजारों कर्मियों का इस्तेमाल नहीं किया जाता। ट्रम्प तो यह भी संकेत दे चुके हैं कि यदि पहली कार्रवाई विफल होती तो अमेरिका दूसरा और बड़ा हमला करने जा रहा था। यह तो साफ है कि ट्रम्प की नजर वेनेजुएला के 350 अरब बैरल के तेल भंडार पर है। पिछले लगभग बीस वर्षों में, कुप्रबंधन और प्रतिबंधों के कारण वेनेजुएला का उत्पादन प्रतिदिन 32 लाख बैरल (बीपीडी) के उच्च स्तर से गिरकर मात्र 10 लाख बीपीडी रह गया है।

**अमेरिका ने इस कार्रवाई को मादुरो की गिरफ्तारी के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सैन्य समर्थन देने की तरह बताया है। मादुरो पर 2020 में नार्को-आतंकवाद और मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में अभियोग लगाया गया था। लेकिन मजे की बात है कि मादुरो की पत्नी सेलिया फ्लोरेस को भी गिरफ्तार कर लिया गया है और संशोधित अभियोग का हिस्सा बना दिया गया है। जबकि 2020 के मूल अभियोग में उनका नाम शामिल नहीं था। अधिकांश अंतरराष्ट्रीय कानून विशेषज्ञों, यूएन और कई देशों की सरकारों का कहना है कि अमेरिका की ये कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है।**

# दिल्ली में साल 2020 के दंगे: न्याय की कसौटी, राजनीति, हिंसा और नैरेटिव

कैलाश चन्द्र

**अंकित शर्मा, जो देश की आंतरिक सुरक्षा से जुड़ी संस्था के लिए कार्यरत थे, उनके शरीर पर 74 चाकू के घाव मिले। यह सिर्फ हत्या नहीं थी, एक संदेश था। वहीं दिलबर नेगी, एक गरीब मां का बेटा, जिसकी कोई राजनीतिक पहचान नहीं थी, उसके हाथ-पैर काट कर उसे जिंदा जला दिया गया। सवाल यह है कि क्या यह केवल दंगा था या फिर भीड़ की हिंसा को वैचारिक समर्थन देने वाली मानसिकता का परिणाम इस पूरे प्रकरण में सबसे अधिक विचलित करने वाला पक्ष यह है कि जिन लोगों पर इस हिंसा की साजिश रचने और उसे भड़काने के गंभीर आरोप हैं, उनके बचाव में खड़े होने वाले वकील कोई साधारण नाम नहीं हैं। ये सभी देश के पूर्व केंद्रीय मंत्री, वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राजनीतिक रूप से बेहद प्रभावशाली व्यक्ति हैं।**

दिल्ली में साल 2020 के दंगे योजनाबद्ध अराजकता, राजनीतिक संरक्षण और वैचारिक उद्दीपन का भयावह उदाहरण थे। यह हिंसा अचानक भड़की कोई घटना नहीं थी बल्कि इसके पीछे महीनों से तैयार किया गया ऐसा तंत्र था, जिसमें शब्दों को हथियार और भीड़ को औजार बनाया गया। इन दंगों में 53 निर्दोष लोगों की जान गई। इनमें एक होनहार खुफिया अधिकारी अंकित शर्मा, पौड़ी गढ़वाल से दिल्ली रोजगार की तलाश में आया दिलबर नेगी और दो पुलिसकर्मी भी शामिल थे। इन हत्याओं की क्रूरता ने पूरे देश की आत्मा को झकझोर दिया, किंतु उससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह रही कि पीड़ितों का दर्द धीरे-धीरे हाशिये पर चला गया और आरोपितों के लिए सहानुभूति का एक संगठित नैरेटिव खड़ा किया गया। अंकित शर्मा, जो देश की आंतरिक सुरक्षा से जुड़ी संस्था के लिए कार्यरत थे, उनके शरीर पर 74 चाकू के घाव मिले। यह सिर्फ हत्या नहीं थी, एक संदेश था। वहीं दिलबर नेगी, एक गरीब मां का बेटा, जिसकी कोई राजनीतिक पहचान नहीं थी, उसके हाथ-पैर काट कर उसे जिंदा जला दिया गया। सवाल यह है कि क्या यह केवल दंगा था या फिर भीड़ की हिंसा को वैचारिक समर्थन देने वाली मानसिकता का परिणाम? इस पूरे प्रकरण में सबसे अधिक विचलित करने वाला पक्ष यह है कि जिन लोगों पर इस हिंसा की साजिश रचने और उसे भड़काने के गंभीर आरोप हैं, उनके बचाव में खड़े होने वाले वकील कोई साधारण नाम नहीं हैं। ये सभी देश के पूर्व केंद्रीय मंत्री, वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राजनीतिक रूप से बेहद प्रभावशाली व्यक्ति हैं। उमर खालिद और शरजील इमाम जैसे आरोपितों की पैरवी करने वालों में कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी, अश्विनी कुमार जैसे नाम शामिल हैं, जो देश में कांग्रेस सरकारों के समय बड़े मंत्रालय संभाल चुके हैं। इनके साथ सिद्धार्थ दवे, सिद्धार्थ लूथरा और त्रिदीप पैइस जैसे वरिष्ठ वकील भी जुड़े रहे। ऐसे में ये सिर्फ कानूनी सहायता का मामला नहीं लगता, साफ तौर पर एक विशेष वैचारिक झुकाव का संकेत देता है। यहां प्रश्न उठता है कि क्या कांग्रेस और उससे जुड़े वैचारिक तंत्र को पीड़ितों की चीखें सुनाई नहीं देतीं। क्या अंकित शर्मा की मां का विलाप उन्हें विचलित नहीं करता। लेकिन वही तंत्र उमर खालिद और शरजील इमाम में लोकतंत्र का रक्षक और अभिव्यक्ति की आजादी का प्रतीक खोज लेता है। यह कोई संयोग नहीं है, बल्कि सोची-समझी विचारधारा का परिचय है, जहां राष्ट्र की सुरक्षा एजेंसियों को संदेह के घेरे में रखा जाता है और दंगों के आरोपित नैरेटिव के नायक बना दिए जाते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो कांग्रेस को पीड़ितों की चीखें नहीं दिखतीं, पर आरोपितों में वह 'पीड़ित' ढूँढ लेती है। वह अंकित शर्मा जैसे शहीद अधिकारी की निर्मम हत्या को राजनीतिक चर्चा का विषय नहीं बनाती, पर 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' के पोस्टरबॉय को लोकतांत्रिक अधिकारों की कथा बनाकर प्रस्तुत करती है। यह कोई संयोग नहीं बल्कि एक विचारधारा का परिचय है, जहाँ राष्ट्र की सुरक्षा एजेंसियाँ गलत और दंगों के आरोपी 'नैरेटिव हीरो' बन जाते हैं। यही वह नैरेटिव-निर्माण है जिसने देश को भ्रमित किया, जहाँ अपराधी को एक्टिविस्ट और पीड़ित को अदृश्य कर दिया जाता है। जमानत दंगे के हत्यारों का अधिकार कैसे..? सवाल यह उठता है कि क्या यह केवल ''कानूनी सहायता'' है या किसी विशेष मानसिकता का स्पष्ट संकेत सुप्रीम कोर्ट का हालिया निर्णय इस पूरे विमर्श में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। न्यायालय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उमर खालिद और शरजील इमाम की भूमिका प्रथम दृष्टया अत्यंत गंभीर है और दिल्ली पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य विश्वसनीय हैं। अदालत ने यह भी कहा कि इस प्रकार की संगठित और हिंसक साजिश में शामिल लोगों को इस आधार पर जमानत नहीं दी जा सकती कि वे लंबे समय से जेल में हैं। इसे समझें तो यह टिप्पणी नैतिक संदेश भी है कि कानून भावनाओं या राजनीतिक दबाव से संचालित नहीं होगा। हालांकि अदालत ने कुछ अन्य आरोपितों को सख्त शर्तों के साथ जमानत दी, पर साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि शर्तों के उल्लंघन पर उन्हें दोबारा जेल भेजा जा सकता है। इससे यह संदेश गया कि न्यायपालिका ने साजिश और हिंसा की गंभीरता को केंद्र में रखकर निर्णय दिया है, न कि किसी नैरेटिव या जनमत के दबाव में। जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि यह हिंसा अचानक नहीं भड़की थी। आम आदमी पार्टी का तत्कालीन पार्षद ताहिर हुसैन इस हिंसा में एक प्रमुख भूमिका में सामने आया। सीसीटीवी फुटेज, प्रत्यक्षदर्शी गवाहों और डिजिटल साक्ष्यों से संकेत मिला कि उसकी छत से पेट्रोल बम फेंके गए और दंगाइयों के लिए संसाधन जुटाए गए। आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान का नाम भी कई बयानों में सामने आया। यह भी एक कड़वा सत्य है कि इस दंगे में सबसे अधिक नुकसान हिंदुओं को हुआ, चाहे वह जान-माल का हो या धार्मिक स्थलों का। इसके समानांतर एक और चिंताजनक परत सामने आई, मीडिया और तथाकथित इकोसिस्टम पत्रकारिता की। अजित अंजुम और आरफा खानम जैसे नाम उमर खालिद और शरजील इमाम के लिए संवेदना, आक्रोश और पीड़ा व्यक्त करते दिखाई दिए, लेकिन अंकित शर्मा के परिजनों का दर्द उन्हें शायद ही दिखाई दिया। यह वही नैरेटिव निर्माण है, जिसमें अपराधी को एक्टिविस्ट और पीड़ित को अदृश्य कर दिया जाता है। यह सवाल आज भी अनुत्तरित है कि दंगे में शामिल हत्यारों की जमानत को मानवाधिकार का विषय कैसे बना दिया गया। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद जब भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर यह कहते हुए निशाना साधा कि यह कांग्रेस इकोसिस्टम पर करारा तमाचा है, तो यह केवल राजनीतिक बयान नहीं था। निश्चित ही यह उस नैरेटिव की हार थी, जो वर्षों से गढ़ा जा रहा था। अदालत के निर्णय ने उन तमाम लेखों, बहसों और अभियानों को अप्रासंगिक कर दिया जिनका उद्देश्य आरोपितों को मासूम और पीड़ितों को संदिग्ध साबित करना था। दिल्ली के साल 2020 के दंगे केवल एक शहर की त्रासदी नहीं थे, यह भारत के लोकतंत्र, न्याय व्यवस्था और मीडिया की भूमिका की भी परीक्षा थे। इतिहास केवल अदालतों में नहीं लिखा जाता, वह जनता की स्मृति में भी अंकित होता है। अंकित शर्मा और दिलबर नेगी की पीड़ा उस स्मृति का हिस्सा है। इतिहास न्याय करता है और जनता भी आखिरकार न्याय ही चाहती है, हम ये नहीं भूलें। इस पूरे प्रकरण का सार यही है जो दल, नेता, पत्रकार और बुद्धिजीवी दंगाइयों के साथ खड़े होंगे, जनता उन्हें कितने भी प्रयासों के बावजूद राष्ट्रीय, देशभक्तपूर्ण नहीं मान सकती। जो तंत्र शहीदों को भुलाकर आरोपितों को निर्दोष साबित करने में अपनी ऊर्जा लगाए, उसकी नीयत और राष्ट्रभक्ति दोनों कटघरे में खड़ी होती है।

# अमेरिका की बादशाहत को चुनौती है De-dollarisation

**भारत, चीन और रूस सोना ख़रीद से बौखलाया अमेरिका**

**यूरोपी से ड्रेन आऊट हो रहा है सोना**

**2025 में तीनों देश ख़रीद चुके हैं 370 टन सोना**

**2026 तक 4900 डॉलर पार सकते हैं दाम**



लेखक- राजीव श्रीवास्तव



दुनिया की राजनीति और अर्थव्यवस्था में एक लंबे समय से 'बादशाहत' रखने वाला अमेरिका अब अपनी नीतियों का ही शिकार हो गया है । डॉलर को वैश्विक रिज़र्व मुद्रा बनाकर उसने न केवल आर्थिक शक्ति हासिल की, बल्कि राजनीतिक दबाव और सैन्य हस्तक्षेप के ज़रिए अपनी पकड़ मज़बूत की, लेकिन आज भारत, चीन और रूस जैसे एशियाई देशों की रणनीतियाँ इस प्रभुत्व को चुनौती दे रही हैं। लगभग 22 ब्रिक्स देशों का स्थानीय करेंसी में व्यापार De Dollarisation के खतरे की घंटी बजा रहा है और विश्व में वैश्विक मुद्रा के रूप में डॉलर 60 से गिरकर 40 प्रतिशत आने की संभावना है । यही वजह है अमेरिका ने वेनेजुएला पर सेन्य कार्रवाई की और भारत सहित एशियाई देशों के खिलाफ आग उगल रहा है। ट्रम्प की नारंगी शैली और भारत-विरोधी रुख- डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत को "one sided disaster" कहकर आयात पर भारी टैरिफ़ लगाया है । रूस से तेल आयात पर भारत को धमकियाँ दीं जा रहीं हैं ।कश्मीर जैसे संवेदनशील मुद्दों पर बार-बार बयान देकर भारत की नाराज़गी बढ़ाई। अमेरिका टंकी 'नारंगी' यानी आक्रामक और अहंकारी शैली ने रिश्तों को और भी तनावपूर्ण बना दिया है।

2. De-dollarisation: डॉलर पर निर्भरता घटाने की रणनीति- भारत ने 22 देशों के साथ रुपये में व्यापार करने की व्यवस्था शुरू की है। चीन और रूस पहले से ही युआन और रूबल में व्यापार को बढ़ावा दे रहे हैं। सोने के भंडार बढ़ाना इस रणनीति का अहम हिस्सा है, ताकि डॉलर पर निर्भरता कम हो। यह कदम अमेरिका की आर्थिक ताकत को सीधी चुनौती देता है।

3. सोने का एशिया की ओर झुकाव (2025 के आँकड़े)-रूस ने 2025 में लगभग 62 टन सोना खरीदा ।चीन ने आधिकारिक रूप से 25 टन, लेकिन वास्तविक अनुमान लगभग 250 टन तक है। भारत की टउक्र ने 2025 में 57.5 टन सोना खरीदा, जो 7 वर्षों में दूसरा सबसे बड़ा अधिग्रहण है। इन तीनों देशों की संयुक्त खरीद लगभग 370 टन से अधिक बैठती है, जो वैश्विक सोने के बाज़ार पर बड़ा दबाव डालती है।

4- अमेरिका के पास विश्व का सबसे बड़ा सोने का भंडार है 8,133.5 टन। यह भंडार दशकों से स्थिर है और अमेरिका की वित्तीय ताकत का आधार माना जाता है,लेकिन जब एशियाई देश लगातार नया सोना खरीद रहे हैं, तो अमेरिका का स्थिर भंडार उसकी ल्लबादशाहत ङ्क को बचाने के लिए पर्याप्त नहीं रह सकता।

5. 2026 में सोने की कीमतों का अनुमान- 2025 में सोना \$4,400 प्रति औंस तक पहुँच गया और भारत में 1.4 लाख प्रति 10 ग्राम तक। 2026 में अनुमान है कि सोना \$4,000–\$4,500 प्रति औंस के दायरे में रहेगा। Goldman Sachs और J.P. Morgan जैसे बैंक इसे \$4,900–\$5,000 प्रति औंस तक जाते हुए देख रहे हैं। यह वृद्धि De dollarisation, भू-राजनीतिक तनाव और केंद्रीय बैंकों की खरीद से प्रेरित है।

निष्कर्षः आज की दुनिया में अमेरिका की असलियत साफ़ दिख रही है—उसकी ताकत डॉलर और दबाव पर आधारित है, लेकिन भारत, चीन और रूस जैसे देशों की De-dollarisation और सोने पर आधारित रणनीति इस प्रभुत्व को चुनौती दे रही है। वर्ष 2025 में इन देशों द्वारा सैकड़ों टन सोना खरीदे जाने और 2026 में कीमतों के त्तक्ष,000 प्रति औंस तक पहुँचने की संभावना यह संकेत देती है कि आने वाले वर्षों में वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में बड़ा बदलाव होगा। एशिया की भूमिका मज़बूत होगी और अमेरिका की 'बादशाहत' धीरे-धीरे ढहने लगेगी।

# विश्व पटल पर बालिकाओं का नवयुग: बदली सोच, उभरी शक्ति

ललित गर्ग

**भारत में यह संघर्ष और भी जटिल रहा है। कम शिक्षा, रूढ़िवादी पितृसत्तात्मक सोच, अंधविश्वास और सामाजिक भ्रांतियों ने लंबे समय तक बालिकाओं के अस्तित्व पर संकट बनाए रखा। लेकिन हाल के वर्षों में स्थिति में उल्लेखनीय सुधार दिखता है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अनुसार, भारत में बेटों की चाहत 1999 के 33 प्रतिशत से घटकर अब 15 प्रतिशत रह गई है। यह गिरावट केवल सांख्यिकीय नहीं, बल्कि मानसिकता में आए बदलाव का संकेत है। फिर भी, 15 प्रतिशत भी कम नहीं क्योंकि इसका सीधा असर लिंगानुपात पर पड़ता है।**

एक समय था जब दुनिया के बड़े हिस्से में बेटी का जन्म बोझ समझा जाता था। गर्भ में ही उसके जीवन का अंत कर दिया जाता, या जन्म के बाद भेदभाव, उपेक्षा और वंचना उसका भाग्य बनती। सदियों तक चली इस दकियानूसी एवं पुरानपंथी सोच ने समाज, सभ्यता और प्रकृति-तीनों को गहरे घाव दिए। किंतु आज उसी दुनिया में सोच के स्तर पर एक निर्णायक मोड़ दिखाई दे रहा है, एक नयी सोच का उदय हो रहा है। गैलप इंटरनेशनल जैसे वैश्विक सर्वे यह संकेत देते हैं कि 44 देशों में माता-पिता की बड़ी संख्या अब संतान के लिंग को लेकर उदासीन हो रही है, उन्हें फर्क नहीं पड़ता कि बच्चा लड़का है या लड़की। यह बदलाव केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि मानव चेतना में घटित एक ऐतिहासिक परिवर्तन है। बालिकाओं को लेकर बदल रही यह सोच मानवीयता का दर्शन करा रही है। यह सच है कि तस्वीर का एक पक्ष उजला है तो दूसरा अब भी चिंताजनक। पिछले 25 वर्षों में दुनिया ने लगभग 70 लाख बच्चियों को बचाया है, यह मानवीय प्रगति का बड़ा प्रमाण है। परंतु यह भी उतना ही कड़वा सत्य है कि आज भी हर साल दस लाख से अधिक बच्चियां गर्भ में ही खत्म कर दी जाती हैं और बीते 45 वर्षों में यह संख्या पाँच करोड़ से अधिक रही है। यानी लड़का-लड़की के भेद का राक्षस अभी पूरी तरह पराजित नहीं हुआ है। इसके बावजूद, उम्मीद की किरण इसलिए प्रबल है क्योंकि अब यह भेद सामाजिक स्वीकृति खो रहा है, और यही किसी भी क्रांति की सबसे ठोस बुनियाद होती है। भारत में यह संघर्ष और भी जटिल रहा है। कम शिक्षा, रूढ़िवादी पितृसत्तात्मक सोच, अंधविश्वास और सामाजिक भ्रांतियों ने लंबे समय तक बालिकाओं के अस्तित्व पर संकट बनाए रखा। लेकिन हाल के वर्षों में स्थिति में उल्लेखनीय सुधार दिखता है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अनुसार, भारत में बेटों की चाहत 1999 के 33 प्रतिशत से घटकर अब 15 प्रतिशत रह गई है। यह गिरावट केवल सांख्यिकीय नहीं, बल्कि मानसिकता में आए बदलाव का संकेत है। फिर भी, 15 प्रतिशत भी कम नहीं क्योंकि इसका सीधा असर लिंगानुपात पर पड़ता है। आज देश में लिंगानुपात 1000 लड़कों पर 943 लड़कियों का है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार जन्म के समय लड़के-लड़कियों का प्राकृतिक अनुपात लगभग 105: 100 होता है, जो पाँच वर्ष की आयु तक बराबर हो जाना चाहिए। यदि पाँच साल के बाद भी 1000 लड़कों पर 57 लड़कियाँ कम हैं, तो स्पष्ट है कि प्रकृति नहीं, समाज हस्तक्षेप कर रहा है। 57 बड़ा अंतर है। सुधार की जो गति चल रही है, उस हिसाब से इस अंतर को पाटने में पच्चीस साल से ज्यादा लग जाएंगे। ये बच्चियां दुनिया में कदम रखें और अच्छी तरह से खुशगवार जिंदगी जिएं, इसके लिए उन्हें बचाने के उपाय, उनकी व्यापकता और गति सब बढ़ाने होंगे। सृष्टि के संतुलन के लिए भी यह जरूरी है। समाज की विडम्बनापूर्ण सोच ही वह 'बाहरी शक्ति' है-भेदभाव, उपेक्षा, असमान पोषण, स्वास्थ्य और अवसर जो संतुलन को बिगाड़ रही है। मौजूदा सुधार की गति से इस अंतर को पाटने में पच्चीस वर्ष से अधिक लग सकते हैं। इसलिए उपायों की व्यापकता और गति दोनों को बढ़ाना अनिवार्य है। इस बदलाव के पीछे शिक्षा सबसे बड़ा कारक बनकर उभरी है। जब-जब लड़कियों को शिक्षा के समान अवसर मिले, उन्होंने न केवल अपनी क्षमताएँ सिद्ध कीं, बल्कि समाज की दिशा भी बदली। भारत सहित कई देशों में बालिका शिक्षा, छात्रवृत्ति, डिजिटल साक्षरता, कौशल विकास और स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं ने लड़कियों के जीवन-पथ को नया आयाम दिया है। आज ग्रामीण क्षेत्रों तक स्कूल नामांकन में बालिकाओं की भागीदारी बढ़ी है, उच्च शिक्षा में उनकी उपस्थिति मजबूत हुई है और विज्ञान, तकनीक, खेल, प्रशासन तथा उद्यमिता-हर क्षेत्र में वे अपनी पहचान बना रही हैं। महत्वपूर्ण यह भी है कि अब नीतियाँ केवल संरक्षण तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि सशक्तिकरण की ओर बढ़ी हैं। शिक्षा के साथ-साथ पोषण, मातृत्व स्वास्थ्य, सुरक्षित परिवहन, डिजिटल पहुँच और नेतृत्व प्रशिक्षण, इन सभी ने मिलकर बालिकाओं के आत्मविश्वास को पंख दिए हैं। यह समग्र दृष्टि ही भविष्य की महिलाओं को 'सहायता पाने वाली' नहीं, बल्कि 'निर्णय लेने वाली' बनाती है। दुनिया के कई देशों में महिलाएँ अब राजनीति, प्रशासन और कॉरपोरेट नेतृत्व में अग्रिम पंक्ति में हैं। वे राष्ट्राध्यक्ष हैं, सेनाओं का नेतृत्व कर रही हैं, वैज्ञानिक खोजों की अगुआई कर रही हैं और वैश्विक संस्थानों में नीति-निर्धारण का हिस्सा हैं। यह परिवर्तन इस बात का प्रमाण है कि अवसर मिलने पर प्रतिभा लिंग नहीं देखती। गैलप इंटरनेशनल के सर्वे में उभरी उदासीनता कि संतान का लिंग मायने नहीं रखता, दरअसल इसी विश्वास का सामाजिक विस्तार है कि लड़कियाँ भी उतनी ही सक्षम हैं। पहली बार दुनिया के स्तर पर बालिकाओं को लेकर एक सकारात्मक परिदृश्य उभरा है, इन बालिकाओं को लेकर बदली सोच एवं उभरी शक्ति के परिदृश्यों के बीच यह समय बालिकाओं-महिलाओं पर हो रहे अपराध, शोषण, बलात्कार, भेदभाव के त्रासद एवं क्रूर स्थितियों पर आत्म-मंथन करने का है, क्योंकि बालिकाओं एवं महिलाओं के समावेश, न्याय व सुरक्षा की स्थिति को बताने वाले वैश्विक शांति व सुरक्षा सूचकांक के 177 देशों में भारत का 128वां स्थान है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं के विरूद्ध अपराध में राष्ट्रीय औसत 66.4 है। राजधानी दिल्ली का स्थान 144.4 अंकों के साथ सर्वोच्च है। माना जाता है कि 90 प्रतिशत यौन उत्पीड़न जान-पहचान के व्यक्ति ही करते हैं। यानी बालिकाएं अपने ही घर या परिचितों के बीच सबसे ज्यादा असुरक्षित है। कानून और योजनाएँ आवश्यक हैं, पर पर्याप्त नहीं। असली परिवर्तन संस्कृति में होता है-घर के भीतर, भाषा में, परंपराओं में। जब परिवार बेटी के जन्म को उत्सव मानता है, उसकी शिक्षा में निवेश करता है, उसे निर्णयों में भागीदार बनाता है-तभी लिंगानुपात के आँकड़े स्थायी रूप से सुधरते हैं। मीडिया, साहित्य और सिनेमा की भूमिका भी यहाँ निर्णायक है; वे या तो रूढ़ियों को पोषित करते हैं या नई दृष्टि गढ़ते हैं। आज सकारात्मक प्रस्तुतियाँ बढ़ रही हैं, जो लड़कियों को आत्मनिर्भर, साहसी और नेतृत्वकारी रूप में दिखाती हैं यह सांस्कृतिक परिवर्तन का संकेत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शुरुआत का लक्ष्य भी बालिका लिंग अनुपात में गिरावट के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करना है। भविष्य की दिशा स्पष्ट है-समानता केवल अधिकारों की सूची नहीं, बल्कि अवसरों की वास्तविक उपलब्धता है। बालिकाओं को बचाना पहला कदम था; अब उन्हें बढ़ने, उड़ने और नेतृत्व करने देना अगला चरण है। स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा के साथ-साथ रोजगार, संपत्ति अधिकार, डिजिटल अवसर और निर्णय-निर्माण में हिस्सेदारी-ये सभी समानता के स्तंभ हैं। यदि इन पर निरंतर और समन्वित कार्य हुआ, तो आने वाले वर्षों में लिंगानुपात केवल सुधरेगा ही नहीं, बल्कि समाज अधिक संतुलित, संवेदनशील और उत्पादक बनेगा। एक समय था जब बालिका को कोख में ही समाप्त कर दिया जाता था; आज वही दुनिया उसके जन्म पर प्रसन्नता व्यक्त कर रही है। यह बदलाव अधूरा है, पर निर्णायक है। भारत में बेटों की चाहत का घटता ग्राफ, दुनिया भर में लिंग-उदासीनता की बढ़ती प्रवृत्ति और महिलाओं के लिए विस्तृत होती शिक्षा-सशक्तिकरण योजनाएँ-सब मिलकर संकेत देते हैं कि आने वाला समय वास्तव में महिलाओं का समय है। यदि यह गति बनी रही, तो देश की बालिकाएँ न केवल अपना परचम फहराएँगी, बल्कि मानव सभ्यता को अधिक न्यायपूर्ण और संतुलित दिशा भी देंगी। यही सृष्टि का स्वाभाविक और आवश्यक संतुलन है।

# राज्य महिला आयोग की सदस्या सुजीता कुमारी ने की जनसुनवाई, दिए निर्देश

- जमीनी हकीकत से जुड़ीं सुजीता कुमारी, महिलाओं की सुनी पीड़ा, दी राहत की राह
- जनसुनवाई में 46 नए व 75 लंबित मामलों पर सख्त और त्वरित कार्रवाई के निर्देश



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सुजीता कुमारी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अटल सभागार में महिला जनसुनवाई आयोजित कर महिलाओं से जुड़े प्रकरणों के प्रति गहरी संवेदनशीलता दिखाई।

इस दौरान घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, संपत्ति विवाद, पारिवारिक कलह तथा अन्य प्रकार के महिला उत्पीड़न से जुड़े 46 नए मामलों की विस्तार से सुनवाई की गई। साथ ही पूर्व से आयोग के समक्ष विचाराधीन 75 लंबित प्रकरणों पर भी प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान पीड़ित महिलाओं ने आयोग सदस्य के समक्ष अपनी व्यथा खुलकर रखी। उन्होंने पुलिस, पारिवारिक और सामाजिक उत्पीड़न संबंधी मामलों को विस्तार से बताया। श्रीमती सुजीता कुमारी ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को जरूरी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पीड़ित महिलाओं को समयबद्ध न्याय दिलाना प्रशासन की जिम्मेदारी है, और इसमें कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान डीपीओ लवकुश भार्गव, डिप्टी सीएमओ डॉ अमितेश द्विवेदी, महिला थानाध्यक्ष, वन स्टॉप सेंटर प्रभारी रश्मि चतुर्वेदी, काउंसलर कय्यूम जरवानी और अन्य अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे।

## हैदराबाद पुलिस ने दो शातिर बदमाशों को किया गिरफ्तार, अवैध हथियार व नकदी बरामद

अजान खीरी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हैदराबाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी हैदराबाद के कुशल मार्गदर्शन में थाना हैदराबाद पुलिस ने दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष हैदराबाद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दिनांक 07 जनवरी 2026 को थाना हैदराबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 416/2025 व 427/2025, धारा 303(2) बीएनएस के तहत वांछित अभियुक्तों को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मन्ना उर्फ इरशाद पुत्र मनी उल्ला उर्फ कटोरी (उम्र करीब 27 वर्ष), निवासी ग्राम भुडवारा थाना हैदराबाद जनपद खीरी तथा मोईन पुत्र रहमतुल्ला (उम्र करीब 35 वर्ष), निवासी ग्राम अन्दापुर थाना फरधान जनपद खीरी के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस 315 बोर, 02 मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल HF डीलक्स तथा कुल 3850 रुपये नकद बरामद किए हैं।

# नगर पालिका आपके द्वार के द्वितीय दिन श्रीधर्मादा समिति गौशाला में लगा कैम्प

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। मंगलवार 07 जनवरी मो0 कुम्हारन टोला स्थित श्रीधर्मादा समिति गौशाला में आम जनमानस की समस्याओं के निराकरण के लिए नगर पालिका परिषद गोला के तत्वावधान में कैम्प के द्वितीय दिवस 237 रजिस्ट्रेशन हुए। श्रीधर्मादा समिति गौशाला मे आज वार्ड 04,08,01,20 तथा मिल वार्ड 15 से विभिन्न समस्याओं को लेकर आमजनमानस नें वृद्धावस्था के 20, राशनकार्ड के 179, विद्युत विभाग के 08, दिव्यांग पेंशन के 01, विधवा पेंशन के 10 नगर पालिका परिषद से सम्बंधित 02 के साथ नये मतदाता बनने के भी 17 फार्म वितरित किए गए। नगर पालिका आपके द्वार अभियान में उपस्थित आमजन को सम्बोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि कैम्प में निःशुल्क ऑन लाइन की व्यवस्था की गई है जिससे नगर के जनमानस को नगर पालिका आपके द्वार अभियान का पूरा लाभ मिल सके। 08 जनवरी को गाँधी उ0मा0 विद्यालय मोहम्मदी रोड पर प्रातः 10 बजे से 04 बजे तक कैम्प रहेगा। इस अवसर पर सभासद धर्मेन्द्र बाल्मीकि, सौरभ तिवारी,भाजपा कुम्भी अध्यक्ष रविन्द्र कटियार,मोहित अवस्थी वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, जेई सिविल अनिल कुमार यादव,जेई जलकर आदर्श मिश्रा,अंकित गुप्ता,आशोक कुमार मिश्रा, विमलेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

## सिख प्रभात फ़ेरी में टीम डॉक्टर कौशल द्वारा चाय वितरण कर की गई सेवा, कार्यकर्ताओं का किया सम्मान



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला क्षेत्र में प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर आयोजित सिख प्रभात फ़ेरी के दौरान सेवा, समर्पण और सामाजिक सौहार्द का प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला। इस अवसर पर डॉ. कौशल वर्मा एवं उनकी टीम द्वारा प्रभात फ़ेरी में शामिल श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं के लिए चाय वितरण सेवा का आयोजन किया गया।

प्रभात फ़ेरी के साथ चल रहे कीर्तन में सहभागी सभी संगत एवं कार्यकर्ताओं को चाय पिलाकर उनका सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। सेवा भाव से किए गए इस कार्य ने उपस्थित श्रद्धालुओं के मन को प्रसन्न कर दिया और पूरे वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर डॉ. कौशल वर्मा ने कहा कि प्रकाश पर्व हमें सेवा, त्याग और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों से समाज में भाईचारा, प्रेम और एकता की भावना सुदृढ़ होती है। प्रभात फ़ेरी में शामिल संगत एवं आयोजकों ने डॉ. कौशल वर्मा द्वारा की गई इस निस्वार्थ सेवा की भूरी-भूरी प्रशंसा की और इसे समाज के लिए एक अनुकरणीय पहल बताया।

## मंडल के किसानों को रासायनिक कीटनाशक छिड़काव पर नहीं रहना पड़ेगा अब निर्भर

बांदा। बुंदेलखंड के चित्रकूट धाम मंडल के किसानों के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अहम पहल करते हुए फसलों को कीटों से बचने के लिए उपयोग की जाने वाली रासायनिक कीटनाशक दवाओं से निजात दिलाने व इन पर निर्भर न रहने के लिए सोलर लाइट ट्रैप की व्यवस्था की है। और इसके लिए सरकार 75% तक किसानों को अनुदान दे रही है। जिसके लिए किसानों को पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। और मंडल में सौर ऊर्जा आधारित 2500 सोलर लाइट ट्रैप का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। मंडल के चार जनपद बांदा, हमीरपुर, महोबा और चित्रकूट के लिए 2500 सोलर लाइट ट्रैप का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसमें बांदा में 900, हमीरपुर में 700, महोबा में 400, और चित्रकूट में 516 सोलर लाइट ट्रैप अनुदान पर किसानों को दिए जाने हैं। यहां के किसान तिलहनी व दलहनी फसलों में कीट लगने पर उनसे बचाव के लिए रासायनिक कीटनाशक दावों का छिड़काव करते हैं। जो फसलों के पोषकतत्व के लिए नुकसानदायक होता है और इससे मित्र कीट भी खत्म हो जाते हैं।

# कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत रबी गोष्ठी एवं किसान मेला सम्पन्न

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क






मितौली खीरी। विकासखंड मितौली के अंतर्गत कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत किसान प्रदर्शनी एवं रबी गोष्ठीऽकिसान मेला का आयोजन विकासखंड परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अमित सिंह परिहार ''डीसी मनरेगा/खंड विकास अधिकारी मितौली, द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके पश्चात उन्होंने विकासखंड परिसर में लगी विभिन्न कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मन्ना लाल ने की। मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कृषि विभाग मितौली के कर्मचारियों ने मुख्य व विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। विकासखंड सभागार में आयोजित रबी गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अमित सिंह परिहार ने कहा कि इस प्रकार के किसान मेलों से कृषकों को नई-नई जानकारियां प्राप्त होती हैं। किसान यदि वैज्ञानिक तरीके से खेती करें तो विभिन्न फसलों के माध्यम से अपनी वार्षिक आय में वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसान गन्ने के साथ-साथ ड्रैगन फ्रूट जैसी उन्नत एवं लाभकारी फसलों की खेती भी कर सकते हैं। सरकार किसानों के हित में अनेक योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ किसान उठा सकते हैं। किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 6000 रुपये की सहायता राशि दी जा रही है। इस अवसर पर सुभाष चंद्र ने भी किसानों को संबोधित करते हुए कृषि वैज्ञानिक पद्धतियों एवं भूमि संरक्षण से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। वहीं एडीओ समाज कल्याण प्रिया दीक्षित, अखिलेश अवस्थी, अमित कुमार सिंह, अमित बाजपेई, एडीओ कृषि नैमिष यादव, एडीओ पंचायत प्रमोद कुमार ने विभागीय योजनाओं की जानकारी साझा की। प्रगतिशील किसान राजकुमार सिंह एवं लतीफ खान ने पशुपालन से होने वाले लाभों पर प्रकाश डाला। एफपीओ संचालक नीरज मिश्रा ने एफपीओ के माध्यम से किसानों को मिलने वाले आर्थिक व तकनीकी लाभों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का कुशल संचालन बीटीएम हरजेश सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के बड़ी संख्या में सम्मानित किसान, कृषक महिलाएं एवं कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रधान पुत्र पर हमले का एक आरोपित गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जनपद में थाना जसराना पुलिस ने बुधवार को प्रधान पुत्र पर जानलेवा हमले के आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे जेल भेजने की कार्यवाही की है। थाना जसराना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम फकीरा की प्रधान शीला देवी 10 दिसंबर 2025 को प्राथमिक विद्यालय नगला फकीरा मार्ग पर सी.सी. रोड का निर्माण कार्य करा रही थी। तभी स्थानीय सूरजपाल अपने पुत्र अशुंल के साथ ट्रैक्टर को सी.सी. कार्य के ऊपर से निकालने लगा। जिसका ललित पुत्र धर्मवीर ने विरोध किया। इसका विरोध करने पर आरोपित सूरजपाल ने अपने अन्य सह आरोपितों के साथ प्रधान पुत्र धर्मवीर पर लाठी-डन्डों तथा धारदार हथियार फावड़ा से हमला कर दिया था। इस हमले में धर्मवीर के भाई ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। थाना प्रभारी जसराना राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस टीम ने उक्त मामले के आरोपित सूरजपाल को नगला रामा तिराहा से गिरफ्तार कर कार्यवाही की है।

# कांग्रेस का बड़ा संगठनात्मक कदम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



- शिप्रा अवस्थी बनीं लखीमपुर खीरी 'मनरेगा बचाओ संग्राम' की जिला कोआर्डिनेटर

लखीमपुर खीरी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर देशभर में चलाए जा रहे ल्मनरेगा बचाओ संग्रामङ्क अभियान को उत्तर प्रदेश में और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी ने संगठनात्मक स्तर पर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसी क्रम में लखीमपुर-खीरी जिले की वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री शिप्रा अवस्थी को ल्मनरेगा बचाओ संग्रामङ्क अभियान का जिला को-आर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, प्रदेश के सभी जनपदों में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटियों के सहयोग के लिए अनुभवी और सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओं को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसका उद्देश्य केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों के कारण कमजोर हो रही मनरेगा योजना को बचाने के लिए व्यापक जन-आंदोलन खड़ा करना है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, जिला को-आर्डिनेटर के रूप में शिप्रा अवस्थी गांव-गांव चौपालों, जनसभाओं, बैठकों और संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनता को मनरेगा से जुड़े मुद्दों से अवगत कराएंगी। साथ ही मजदूरों को उनके अधिकारों, रोजगार की गारंटी, समय पर भुगतान और कार्यदिवसों में कटौती जैसे अहम सवालों पर संगठित किया जाएगा। शिप्रा अवस्थी की नियुक्ति की खबर से लखीमपुर-खीरी जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में ल्मनरेगा बचाओ संग्रामङ्क को जिले में नई दिशा और मजबूती मिलेगी तथा मजदूरों की आवाज प्रभावी ढंग से उठाई जा सकेगी। नवनियुक्त जिला को-आर्डिनेटर शिप्रा अवस्थी ने इस जिम्मेदारी के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संघर्षशीलता के साथ इस अभियान को आगे बढ़ाएंगी। उन्होंने कहा कि मनरेगा से जुड़े मजदूरों, ग्रामीण गरीबों और जरूरतमंदों की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ी जाएगी और किसी भी कीमत पर उनके अधिकारों से समझौता नहीं होने दिया जाएगा। कांग्रेस का मानना है कि यह अभियान ग्रामीण भारत की रीढ़ मानी जाने वाली मनरेगा योजना को बचाने की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित होगा।

## मोटरसाइकिल सवार दो भाइयों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा घायल

अज़ान खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र के गोला खुटार मार्ग पर हरिहरपुर आश्रम के पास मोटरसाइकिल सवार दो भाइयों को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक भाई की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुटी है। घटना के अनुसार, छत्तीपुर गांव निवासी ब्रजेश कुमार 40 वर्षीय और उनका भाई रिंकू अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर से गोला मजदूरी करने गये थे। गोला में काम करके घर जाते समय जब वे शाम करीब 6 बजे हरिहरपुर आश्रम के पास पहुंचे, तभी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों भाइयों को इलाज के लिए गोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

## सेवा ही सर्वोपरि की मिसाल: गुरमीत कौर ने नारंग, कुरयानी व काकरही में घर-घर पहुंचकर बांटे कंबल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मैलानी खीरी। कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से समाजसेवा की एक सराहनीय पहल देखने को मिली। सेवा ही सर्वोपरि के संकल्प के साथ सिद्धि विनायक विद्यालय की प्रधानाचार्या गुरमीत कौर द्वारा ग्राम नारंग, कुरयानी एवं काकरही में व्यापक स्तर पर कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की खास बात यह रही कि गुरमीत कौर स्वयं गांव-गांव, घर-घर पहुंचीं और जरूरतमंद, वृद्ध, असहाय एवं गरीब परिवारों को कंबल प्रदान किए। ठंड से बचाव के लिए किए गए इस मानवीय प्रयास से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। कंबल पाकर बुजुर्गों और महिलाओं के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। गुरमीत कौर ने इस अवसर पर कहा कि समाज के कमजोर वर्गों की सेवा करना ही वास्तविक शिक्षा और सच्ची मानवता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता नहीं पहुंचती, तब तक विकास अधूरा है। इसी भावना के साथ आगे भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे। कंबल वितरण के दौरान ग्रामीणों ने गुरमीत कौर के इस सामाजिक कार्य की खुले दिल से प्रशंसा की और आभार व्यक्त किया। गांवों में उनके इस प्रयास को प्रेरणादायक बताते हुए लोगों ने कहा कि ऐसे कार्य समाज में आपसी सहयोग और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हैदराबाद थाना क्षेत्र में अपराध बेलगाम: एक सप्ताह में पांच लूट की घटनाओं से दहशत

अज़ान खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और आपराधिक वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बीते एक सप्ताह के भीतर क्षेत्र में पांच लूट व हमले की घटनाओं को अंजाम दिया गया, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। इन घटनाओं के बाद 112 पुलिस की तैनाती और थाना पुलिस की गश्त पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।नकाबपोश और हथियारबंद बदमाशों ने सबसे पहले थाना क्षेत्र के ग्राम बुधली नानकर निवासी एक युवक की पिटाई कर उससे लूट की  थी। इसके अगले दिन मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम दूलीपुर निवासी युवक पर हमला कर लूट का प्रयास किया गया, हालांकि वह किसी तरह बच निकला। इसके बाद 3 जनवरी को रोशन नगर स्थित देशी शराब ठेके के सेल्समैन मनीष ठेका बंद कर बाइक से गोला जा रहे थे। मनीष के अनुसार जब वह सिद्ध विनायक स्कूल के आगे पहुंचे तो हथियारबंद बदमाशों ने उनकी बाइक रोककर उन पर हमला किया और मारपीट कर उनके पास मौजूद 8000 रुपये लूट लिए। सोमवार की रात करीब 8:15 बजे रोशन नगर के दवा व्यापारी आशीष अग्निहोत्री पर भी बदमाशों ने हमला कर 10 हजार रुपये नकद और मोबाइल फोन लूट लिया। इतना ही नहीं, सोमवार को ही गोला से गांव जा रहे प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ. अविनाश वर्मा पर भी हमला कर लूट की कोशिश की गई।लगातार हो रही इन घटनाओं के बावजूद पुलिस अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर सकी है। गंभीर बात यह है कि ममरीऽरोशन नगर मार्ग पर बीते कई दिनों से 112 पुलिस प्वाइंट पर कोई पुलिसकर्मी नजर नहीं आ रहा है, जिससे आम लोगों में पुलिस की सक्रियता को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, 112 प्वाइंट को सक्रिय करने और घटनाओं का शीघ्र खुलासा करने की मांग की है।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता सी(एण्डडब्ल्यू) लखनऊ के द्वारा ई टेंडर संख्या 266-Mech-CW-CCTV-LKO-25 के अंतर्गत खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जिसके बंद होने की तिथि व समय 27.01.2026, 15:00 बजे है और उसी दिन 15:30 बजे वेबसाइट पर खोले जाएंगे। इस टेंडर के अन्तर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। टेंडरर ध्यान दें कि निविदा मूल्य (जैसा IREPS पर प्रकाशित हो) का भुगतान वह केवल through online payment mode जो कि ireps पर उपलब्ध है जैसे नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रसीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | कम्प्रेहेन्सिव एनुअल मेन्टेनेन्स कान्ट्रैक्ट (एएमसी) ऑफ सीसीटीवी कैमरास इन्सटाल्ड इन कोचेस ऑफ लखनऊ डिवीजन/नार्दन रेलवे फार ए पीरियड आफ टू इयर्स। | | |
| निविदा टाइप | खुली निविदा | बिडिंग स्टाइल | सिंगल बिड सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय | 27.01.2026 15:00 बजे | अपलोडिंग दिनांक | 07.01.2026 |
| प्री बिड मीटिंग/नो | नो | प्री बिड क्वेरी डेट टाइम | नाट एप्लीकेबल |
| एडवरटाइज्ड वैल्यू (रु) | 38,53,101.20 (Including GST) | टेण्डरिंग सेक्शन | टेण्डर सी(एण्डडब्ल्यू) |
| बिडिंग स्टाइल | सिंगल रेट फार टेण्डर | बिडिंग यूनिट | % एज अबव/बिलो/एट पार |
| धरोहर राशि (रु. में) | 77,100.00 | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा शुल्क (रु.) | निशुल्क | कार्य की अवधि | 24 माह |
| बिडिंग स्टार्ट डेट | 13.01.2026 | | |

No: 266-Mech-CW-CCTV-LKO-25 दिनांक 05.01.2026 55/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# यज्ञ-संस्कृति और यज्ञ-भाव से ही भारत बनेगा विश्वगुरु

- अगले वर्ष पुष्कर तीर्थ में आयोजित गायत्री महायज्ञ की तैयारी बैठक रायबरेली में भी संपन्न हुई
- शत गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ से होगी विश्व शांति एवं पर्यावरण संरक्षण





राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

रायबरेली। ''होता है सारे विश्व का कल्याण यज्ञ से, जल्दी प्रसन्न होते हैं भगवान यज्ञ से''। भारत की संस्कृति यज्ञ की, दान की, ज्ञान की, स्वाहा की, परमार्थ की संस्कृति रही है। इस देश में हमेशा से छोटे-बड़े यज्ञ संपन्न होते रहे हैं। इसी कड़ी में आगामी वर्ष 2026 में 8 मार्च से 19 अप्रैल तक विश्व प्रसिद्ध पुष्कर तीर्थ स्थल (मणिवेदिका) पर यज्ञ सम्राट महामंडलेश्वर स्वामी प्रखर महाराज की पहल एवं उनके संयोजन में शत गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इस महायज्ञ में भारत के कोने-कोने से धर्मनिष्ठ, यज्ञनिष्ठ लोग भारी संख्या में भागीदारी करेंगे। अखिल भारतीय ख्याति के इस गायत्री महायज्ञ की तैयारी के लिए विभिन्न प्रांतों/जनपदों में आहूत बैठकों में रायबरेली में हुई है। यह बैठक सत्यमित्रानन्द पी जी कॉलेज रायबरेली के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में रायबरेली जनपद के विभिन्न अंचलों से आए ब्रह्मनिष्ठ व्यक्तियों, यज्ञ जिज्ञासुओं, ज्ञान जिज्ञासुओं को महामंडलेश्वर स्वामी प्रखर महाराज ने संबोधित किया।

स्वामीश्री के प्रतिनिधि संजीव पाण्डेय एडवोकेट ने रायबरेली जिला मुख्यालय में उपस्थित लोगो बताया कि पुष्कर तीर्थ में 8 मार्च से 20 अप्रैल तक होने वाले विशाल महायज्ञ में प्रख्यात संत गोविंद देव गिरि जी महाराज, मलूक पीठाधीश्वर स्वामी राजेंद्र दास महाराज, अयोध्या के जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री राघवाचार्य जी महाराज, प्रसिद्ध सत्संग व्यास पं. रमेश भाई ओझा सहित अनेक पूज्य संतों एवं गणमान्य अध्यात्मवेत्ताओं की उपस्थिति होगी। स्वामी प्रखर महाराज की बैठकें सम्पन्न हो चुकी हैं।

उन्होंने रायबरेलीवासियों से इस अनूठे महान यज्ञानुष्ठान में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष भागीदारी का आवाहन किया। जिसमे राजेंद्र कुमार बाजपेयी जी के महाविद्यालय में प्रमुख रूप से विजय शंकर अग्निहोत्री,कमलेश पाण्डेय लक्ष्मी शंकर बाजपेयी पूर्व प्रेसिडेंट सेंट्रल बार एसोसिएशन , रोहित बाजपेयी,मनीष त्रिपाठी,नवल किशोर बाजपेयी, राजेंद्र अवस्थी, कमलेश डिवेडी,रिक्की पाण्डेय, ओम प्रकाश शुक्ल, सुधांशु बाजपेयी, सिद्धेश्वर मिश्र इत्यादि हजारों की संख्या में विप्र गण उपस्थित रहे।

# आईसीसी भारत में विश्व कप खेलने को लेकर चिंताओं पर बात करने के लिए तैयार : बीसीबी

एजेंसी

ढाका। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने कहा है कि आईसीसी ने भारत और श्रीलंका में होने वाले आगामी पुरुष टी20 विश्व कप में बांग्लादेश की पूर्ण और बिना किसी रुकावट के भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड के साथ इस मसले पर करीब से काम करने की इच्छा व्यक्त की है।

बीती शाम सुरक्षा कारणों से टी20 विश्व कप में बांग्लादेश के मुकाबले भारत से बाहर स्थानांतरित करने के मसले पर बीसीबी की आईसीसी के साथ हुई वर्चुअल बैठक के बाद क्रिकेट बोर्ड ने अपना बयान जारी किया है। हालांकि बयान में यह नहीं बताया गया है कि बांग्लादेश भारत में खेलेगा या नहीं। बीसीबी के बयान में कहा गया है, ''बोर्ड ने आगामी विश्व कप के मद्देनजर भारत में बांग्लादेश की टीम की सुरक्षा को लेकर जो चिंता व्यक्त की थी और साथ ही बांग्लादेश के मुकाबले भारत से बाहर स्थानांतरित करने का जो आग्रह किया था उसके जवाब में आईसीसी की ओर से प्रतिक्रिया मिली है। अपने संदेश में आईसीसी ने टूर्नामेंट में बिना किसी रुकावट के बांग्लादेश की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। आईसीसी ने बोर्ड के साथ इस मसले पर करीब से काम करने की इच्छा व्यक्त की है और इस बात का आश्वासन दिया है कि सुरक्षा से संबंधी बोर्ड के सुझावों का स्वागत किया जाएगा और इवेंट से संबंधित विस्तृत सुरक्षा योजना बनाते समय पर इन पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाएगा। ईएसपीएन क्रिकइंफो ने बताया था कि मंगलवार की बैठक में आईसीसी ने बांग्लादेश के मुकाबले भारत से बाहर स्थानांतरित करने के आग्रह को अस्वीकार किया था और यह कहा था कि अगर बांग्लादेश भारत में अपने मुकाबले नहीं खेलेगा तो उन्हें अपने अंक गंवाने पड़ेंगे। आगामी टी20 विश्व कप में बांग्लादेश ग्रुप सी में है और उन्हें अपने पहले तीन मुकाबले कोलकाता में खेलने हैं। उन्हें 7 फरवरी को वेस्टइंडीज, 9 फरवरी को इटली और 14 फरवरी को इंग्लैंड के ख़िलाफ खेलना है जबकि 17 फरवरी को उन्हें मुंबई में नेपाल के ख़िलाफ मुकाबला खेलना है। हालांकि बीसीबी ने ऐसी किसी भी चेतावनी मिलने से इनकार किया। बीसीबी ने कहा, ''मीडिया में प्रकाशित कुछ रिपोर्ट्स का भी बीसीबी ने संज्ञान लिया है जिसमें यह बताया गया है कि बोर्ड को आईसीसी से अल्टीमेटम मिला है। बीसीबी यह स्पष्ट करना चाहता है कि यह दावे पूरी तरह से निराधार हैं और यह आईसीसी द्वारा मिले संदेश से मेल नहीं खाते हैं। आईसीसी टी20 विश्व कप में टीम की सुचारू और निर्बाध रूप से भागेदारी सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड, आईसीसी और इवेंट से संबंधित ऑथोरिटी से सहयोगात्मक और पेशेवर बातचीत जारी रखेगा ताकि इसका व्यवहारिक समाधान तलाशा जा सके। भारत में बांग्लादेश के न खेलने का मामला बीसीसीआई के निर्देश पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) द्वारा मुस्तफ़िज़ुर रहमान को रिलीज किए जाने के बाद सामने आया था।

## केआईबीजी पेंचक सिलाट में राजा दास ने जीते दो स्वर्ण पदक

दीव। खेलो इंडिया बीच गेम्स की तुग्गल स्पर्धा के फाइनल में राजा दास ने स्थानीय पसंदीदा और गत चैंपियन प्रसन्ना बेंद्रे को हराकर प्रतियोगिता के शुरुआती दो स्वर्ण पदक जीते। पश्चिम बंगाल के इस खिलाड़ी ने वर्षों से राष्ट्रीय स्तर पर लगातार पदक जीते हैं और मंगलवार को दीव के घोघला बीच पर आयोजित खेलो इंडिया बीच गेम्स 2026 में तुग्गल स्पर्धा में गत चैंपियन और स्थानीय पसंदीदा प्रसन्ना बेंद्रे को हराकर प्रतियोगिता के शुरुआती दो स्वर्ण पदकों में से एक अपने नाम किया। दीव में जीता गया यह स्वर्ण पदक राजा के उतार-चढ़ाव भरे करियर का एक और अहम पड़ाव है। 2025 के खेलो इंडिया बीच गेम्स और गोवा में आयोजित 22वें नेशनल गेम्स में रजत पदक जीतने वाले राजा ने खुद को देश के सबसे निरंतर प्रदर्शन करने वाले आर्टिस्टिक पेंचक सिलाट खिलाड़ियों में स्थापित किया है। उन्होंने 2023, 2024 और 2025 में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीते हैं।

# पीवी सिंधु, सात्विक-चिराग की विजयी शुरुआत

एजेंसी



कुआलालम्पुर। चार महीने की चोट के बाद वापसी कर रही पीवी सिंधु ने मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के महिला सिंगल्स के पहले राउंड का मैच चीनी ताइपे की कम रैंकिंग वाली सुंग शुओ युन के खिलाफ 21-13, 22-20 से जीता। यह मैच 51 मिनट तक चला। सिंधु को मैच में जमने में समय लगा, पहले गेम में वह 1-6 से पीछे थीं क्योंकि उन्हें अपनी लय खोजने और परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में मुश्किल हो रही थी। हालांकि, एक बार जब उन्हें अपनी रेंज मिल गई, तो स्मैश और पंच क्लियर शॉट लगने लगे। 1-6 से पीछे होने के बाद, सिंधु ने बढ़त बनाते हुए 11-9 की बढ़त ले ली, और मिड-गेम इंटरवल में दो अंकों की बढ़त बना ली। उस बिंदु के बाद सिंधु ने पीछे मुड़कर नहीं देखा, क्योंकि सिंधु ने रैलियों पर हावी होना शुरू कर दिया और सुंग को कोई वास्तविक नियंत्रण नहीं दिया। दुनिया में 31वें नंबर की चीनी ताइपे की शटलर को रैलियों को फ्लैट रखने में मुश्किल हो रही थी - एक ऐसा तरीका जिससे वह प्रतिस्पर्धी बनी रह सकती थीं और उन पर आने वाले आक्रामक शॉट्स की बौछार से बच सकती थीं। आखिरकार सुंग को सिंधु की कमजोरियों का पता चलने लगा, हालांकि जितनी देर में उन्हें पता चला, वह शायद उन्हें पसंद नहीं आया होगा। जब सिंधु दूसरे गेम में 14-9 से आगे थीं, तो ऐसा लग रहा था कि वह आसानी से सीधे गेम में जीत हासिल कर लेंगी। हालांकि, सुंग ने अपना लेवल बढ़ाया, गैप कम किया और आखिरकार 20-20 से बराबरी कर ली।

## रेसलिंग लीग ने सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ आधिकारिक प्रसारण साझेदारी की घोषणा की

नयी दिल्ली। भारत की प्रमुख पेशेवर कुश्ती प्रतियोगिता पीडब्ल्यूएल के पांचवें सत्र ने 2026 सीजन के लिए सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क को अपना आधिकारिक प्रसारण भागीदार घोषित किया है। सात वर्षों के अंतराल के बाद जनवरी 2026 में पीडब्ल्यूएल की वापसी हो रही है, जिसे एक नए विज़न, मजबूत एथलीट-फर्स्ट सिद्धांतों और वैश्विक दर्शकों के सामने उत्कृष्ट कुश्ती प्रतिभा को प्रदर्शित करने की नवीकृत प्रतिबद्धता के साथ पुनर्कल्पित किया गया है।

प्रसारण समझौते के तहत, सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क सोनी स्पोर्ट्स टेन 4 और टेन 5 टीवी चैनल्स के माध्यम से भारत भर के घरों तक पीडब्ल्यूएल के सभी मुकाबलों का लाइव प्रसारण करेगा। इसके साथ ही, सोनी के ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर भी कवरेज उपलब्ध होगी, जिससे प्रशंसक टीवी और डिजिटल दोनों प्लेटफॉर्म पर हर पल का आनंद ले सकेंगे।

पीडब्ल्यूएल 2026 सीजन में छह शहर-आधारित फ्रेंचाइज़ी टीमें, दिल्ली दंगल वॉरियर्स, टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल, हरियाणा थंडर्स, पंजाब रॉयल्स, महाराष्ट्र केसरी और यूपी डॉमिनेटर्स, एक गतिशील और प्रतिस्पर्धी प्रारूप में मुकाबला करेंगी, जिसका उद्देश्य खेल की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक ले जाना और प्रशंसकों के लिए रोमांचक अनुभव प्रदान करना है। मुकाबलों में शीर्ष भारतीय पहलवानों के साथ अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाएं भी शामिल होंगी, जहां ओलंपिक-शैली की कुश्ती को नवोन्मेषी लीग प्रस्तुति के साथ जोड़ा जाएगा। टीमों ने शनिवार को आयोजित खिलाड़ी नीलामी में 16 देशों से आए 250 से अधिक पहलवानों की सूची में से कुल 63 विदेशी और घरेलू पहलवानों को अनुबंधित किया, जिस पर 11 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की गई।

# सिडनी टेस्ट में चौथे दिन के अंत तक इंग्लैंड को 119 रन की बढ़त

**बेथल के पहले टेस्ट शतक के बावजूद ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी**

एजेंसी



सिडनी। जैकब बेथल के करियर के पहले टेस्ट और प्रथम श्रेणी शतक के बावजूद इंग्लैंड चौथे दिन के खेल के बाद पूरी तरह मजबूत स्थिति में नहीं पहुंच सका। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे टेस्ट मैच में स्टंप्स तक इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 8 विकेट पर 302 रन बना लिए और ऑस्ट्रेलिया पर कुल 119 रन की बढ़त हासिल की। मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की पकड़ अब भी मजबूत नजर आ रही है। पहली पारी में 183 रन की बढ़त गंवाने के बाद इंग्लैंड की दूसरी पारी में नियंत्रण और अचानक बिखराव के दौर देखने को मिले। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत 518/7 से की। ब्यू वेबस्टर ने अर्धशतक पूरा किया और स्टीव स्मिथ के साथ 100 रन की साझेदारी निभाई। इसी दौरान इंग्लैंड को बड़ा झटका तब लगा जब कप्तान बेन स्टोक्स गेंदबाजी करते हुए दाहिने पैर की एडडक्टर इंजरी के कारण मैदान छोड़कर बाहर चले गए। ऑस्ट्रेलिया की पारी जल्द ही लड़खड़ा गई जब जोश टंग ने 129वें ओवर में स्टीव स्मिथ को विकेट के पीछे कैच करा दिया। इसके बाद टंग ने मिचेल स्टार्क को पवेलियन भेजा, जबकि विल जैक्स ने स्कॉट बोलैंड को बिना खाता खोले आउट किया। ऑस्ट्रेलिया की पारी 567 रन पर सिमट गई, जिसमें ट्रैविस हेड (163) और स्टीव स्मिथ (138) ने अहम पारियां खेलीं। 183 रन पीछे से दूसरी पारी शुरू करने उतरी इंग्लैंड को फिर से शुरुआती झटका लगा। मिचेल स्टार्क ने पहले ही ओवर में जैक क्रॉली को एलबीडब्ल्यू कर दिया। इसके बाद बेन डकेट और जैकब बेथल ने आक्रामक अंदाज में 81 रन की साझेदारी कर टीम को संभाला। इंग्लैंड ने लंच तक 1 विकेट पर 80 रन बना लिए। लंच के बाद डकेट आउट हो गए और इसके तुरंत बाद जो रूट भी संघर्षपूर्ण 6 रन बनाकर पवेलियन लौटे। हालांकि बेथल ने एक छोर संभाले रखा और हैरी ब्रूक के साथ मिलकर टीम को फिर से आगे बढ़ाया। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी निभाई। बेथल ने 50वें ओवर में चौका लगाकर अपना पहला टेस्ट शतक पूरा किया।

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल के टी20 विश्व कप दल में शेर मल्ला शामिल, पॉडेल करेंगे कप्तानी

**काठमांडू।** नेपाल के टी20 विश्व कप दल में ऑफ़ स्पिनर शेर मल्ला को शामिल किया गया है और उन्हें पहली बार राष्ट्रीय टीम का बुलावा आया है। नेपाल ने अपने दल में ऑलराउंडर बासिर अहमद को शामिल किया है जबकि पिछले साल अक्तूबर में टी20 विश्व कप क्वालिफ़ायर में टीम का हिस्सा रहे कुशल मल्ला को विश्व कप दल में जगह नहीं मिली है। शीर्ष क्रम बल्लेबाज़ रोहित पॉडेल टी20 विश्व कप में टीम की अगुवाई करेंगे जबकि दीपेंद्र सिंह ऐरी टीम के उपकप्तान होंगे। मल्ला को नेपाल प्रीमियर लीग में उनके प्रदर्शन का इनाम मिला है जहां उन्होंने 17 विकेट हासिल किए थे और वह टूर्नामेंट में संयुक्त तौर पर सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। शेर मल्ला ने 17 विकेट 10 मुक़ाबलों में 6.50 की किफ़ायती इकॉनमी से हासिल किए थे। उन्होंने लुंबिनी लायंस को ख़िताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी जबकि इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का ख़िताब जीता था। नेपाल के दल में मजबूत शीर्ष क्रम बल्लेबाज़ों और ऑलराउंडरों का संयोजन है। नेपाल की गेंदबाज़ी लेग स्पिनर संदीप लैमिछाने के इर्द गिर्द रहेगी और ललिच राजबंशी, मल्ला और ऐरी स्पिन विभाग में उनके सहयोगी की भूमिका अदा करते नज़र आएंगे। करण केसी तेज गेंदबाज़ी विभाग की अगुवाई करते नजर आएंगे और उन्हें नंदन यादव, सोमपाल कामी और ऑलराउंडर गुलशन झा का साथ मिलेगा। नेपाल के 15 सदस्यीय दल में ऑलराउंडर प्रमुख भूमिका अदा करते नजर आ सकते हैं। 23 वर्षीय पॉडेल बल्लेबाज़ी इकाई की अगुवाई करते नजर आएंगे जबकि उन्हें शीर्ष क्रम में आक्रामक कुशल भुर्तेल और आसिफ शेख का सहयोग मिलेगा। वहीं निचले क्रम में फ़िनिशिंग टच देने के लिए झा और ऐरी मौजूद होंगे। नेपाल ने 2024 टी20 विश्व कप में चार मुक़ाबले खेले थे लेकिन उन्हें एक भी मुक़ाबले में जीत हासिल नहीं हुई थी। हालांकि उन्होंने बंगलादेश और दक्षिण अफ़्रीका के ख़िलाफ करीबी मुक़ाबला खेला था। नेपाल का विश्व कप अभियान 8 फ़रवरी को वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड के ख़िलाफ़ शुरू होगा। यहीं उन्हें अपने चारों ग्रुप मुक़ाबले खेलने हैं। टी20 विश्व कप के लिए नेपाल का दलः रोहित पॉडेल (कप्तान), दीपेंद्र सिंह ऐरी (उपकप्तान), संदीप लैमिछाने, कुशल भुर्तेल, आसिफ शेख, संदीप जोरा, आरिफ शेख, बासिर अहमद, सोमपाल कामी, करण केसी, नंदन यादव, गुलशन झा, ललित राजबंशी, शेर मल्ला, लोकेश बाम।

### जिन्सन जॉनसन ने प्रतियोगी एथलेटिक्स से लिया संन्यास

**नयी दिल्ली।** भारतीय ओलंपियन जिन्सन जॉनसन ने 15 साल के अपने करियर के बाद बुधवार को प्रतियोगी एथलेटिक्स से संन्यास ले लिया। जॉनसन ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट में कहा, ल्लएक सपने देखने वाले लड़के से, यह सफर कोलकाता से शुरू हुआ और हांगझोऊ 2023 में एशियन गेम्स के पोडियम तक पहुंचा। थैंक यू एथलेटिक्स। कुछ सफर मीटर और सेकंड में मापे जाते हैं। कुछ आंसू, बलिदान, विश्वास और उन लोगों में मापे जाते हैं जिन्होंने आपको कभी गिरने नहीं दिया।ल्ल जिन्सन जॉनसन ने रियो 2016 ओलंपिक में पुरुषों की 800 मीटर के लिए क्वालिफाई किया था, लेकिन अपनी हीट में पांचवें स्थान पर रहे और सेमीफाइनल में जगह बनाने से चूक गए। रियो 2016 में उनकी भागीदारी ने उन्हें 1980 में श्रीराम सिंह के बाद ओलंपिक में 800 मीटर के लिए क्वालिफाई करने वाला पहला भारतीय पुरुष धावक बनाया। चोटों और कोविड होने के कारण वह टोक्यो 2020 ओलंपिक में हिस्सा नहीं ले पाए। उन्होंने जकार्ता में 2018 एशियन गेम्स में 1500 मीटर में स्वर्ण पदक और 800 मीटर में रजत पदक जीता। उन्होंने हांगझोऊ में 2023 एशियन गेम्स में 1500 मीटर में कांस्य पदक जीता। जॉनसन ने 2015 और 2017 में एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में क्रमशः रजत और कांस्य पदक भी जीते। उन्होंने 2019 में आईएसटीएएफ बर्लिन मीट में 3:35.24 के समय के साथ 1500 मीटर का रिकॉर्ड बनाया था। जिन्सन जॉनसन के पास पहले 800 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है।

### डफी को पहली बार टी20 वर्ल्ड कप के लिए चुना गया

**वेलिंगटन।** जैकब डफी को आईसीसी पुरुष टी 20 वर्ल्ड कप के लिए न्यूजीलैंड की टी20 टीम में शामिल किया गया है, जो अगले महीने शुरू होने वाला है। यह इस पेसर का पहला वर्ल्ड कप होगा और उन्हें 2025 में शानदार प्रदर्शन के बाद इस बड़े इवेंट के लिए चुना गया है, जिसमें उन्होंने कैलेंडर वर्ष में 81 अंतरराष्ट्रीय विकेट लिए थे। मिशेल सेंटनर एक अनुभवी टीम की कप्तानी करेंगे। टिम रॉबिन्सन, बेवन जैकब्स और ज़ैकरी फाउल्क्स 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं बना पाए हैं। काइल जैमीसन को न्यूजीलैंड के लिए ट्रैवलिंग रिजर्व के तौर पर नामित किया गया है। डफी के अलावा, तेज गेंदबाजी आक्रमण में लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, एडम मिल्ने शामिल हैं, जबकि जेम्स नीशम भी गेंदबाजी कर सकते हैं। सेंटनर के साथ ईश सोढ़ी भी हैं, जिन्होंने एक दशक पहले भारत में इसी टूर्नामेंट में खेला था, जो मुख्य फ्रंटलाइन स्पिनर हैं। बल्लेबाजी के मोर्चे पर, विस्फोटक फिन एलन के साथ टिम सीफर्ट हैं जो न्यूजीलैंड के लिए विकेटकीपिंग करेंगे। डेवोन कॉनवे, मार्क चैपमैन, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र बाकी बल्लेबाजी क्रम बनाते हैं। इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि हेनरी और फर्ग्यूसन के पार्टनर टूर्नामेंट के दौरान बच्चे को जन्म देने वाले हैं, जिसके कारण दोनों को शॉर्ट-टर्म पैटरनिटी लीव दी गई है, इसलिए जैमीसन टूर्नामेंट में खेल सकते हैं। हेड कोच रॉब वाल्टर ने कहा, ''वर्ल्ड कप खास होते हैं और भारत से बेहतर जगह कोई नहीं है, जो आधुनिक खेल का दिल है। मैं इस टीम के कौशल और अनुभव से बहुत खुश हूं और मुझे लगता है कि हमारे पास एक ऐसा ग्रुप है जो न्यूजीलैंड को गौरवान्वित कर सकता है। हमारे पास बल्लेबाजी में काफी पावर और स्किल है, क्वालिटी गेंदबाज हैं जो परिस्थितियों के अनुसार ढल सकते हैं, साथ ही पांच ऑलराउंडर हैं जो सभी कुछ अलग लाते हैं। यह एक अनुभवी ग्रुप है और खिलाड़ी उपमहाद्वीप में खेलने के लिए नए नहीं हैं, जो मूल्यवान होगा। न्यूजीलैंड की वर्ल्ड कप टीमः मिशेल सेंटनर (कप्तान), फिन एलन, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, एडम मिल्ने, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), ईश सोढ़ी।

# विक्ट्री इलेक्ट्रिक व्हेकिल्स का आईपीओ लॉन्च, 9 तक लगा सकते हैं बोली

एजेंसी

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक टू व्हीलर और थ्री व्हीलर बनाने वाली कंपनी विक्ट्री इलेक्ट्रिक व्हेकिल्स इंटरनेशनल का 34.56 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च हो गया। इस आईपीओ में 9 जनवरी तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 12 जनवरी को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 13 जनवरी को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 14 जनवरी को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। आज शाम चार बजे तक कंपनी के आईपीओ को 0.35 गुना सब्सक्रिप्शन मिल चुका था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 41 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 3,000 शेयर का है। विक्ट्री इलेक्ट्रिक व्हेकिल्स इंटरनेशनल लिमिटेड के इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को 2 लॉट यानी 6,000 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,46,000 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 5 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले कुल 84,30,000 नए शेयर जारी हो रहे हैं। इस आईपीओ में मार्केट मेकर्स के लिए 5.02 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 47.51 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 47.47 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इस इश्यू के लिए कॉर्पविज एडवाइजर्स प्रा.लि. को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि मां शीतला सिक्योरिटीज प्रा.लि. को रजिस्ट्रार बनाया गया है। वहीं एलाक्रिटी सिक्योरिटीज लिमिटेड कंपनी का मार्केट मेकर है। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 79 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 4.89 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 5.17 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मौजूदा वित्त वर्ष में पहली छमाही के अंत यानी 30 सितंबर 2025 तक कंपनी को 1.62 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका है। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी मामूली उतार चढ़ाव होता रहा। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 52.14 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में थोड़ा कम होकर 48.76 करोड़ और वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 51.06 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष में 30 सितंबर 2025 तक कंपनी को 16.90 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका है। इस अवधि में कंपनी के कर्ज में भी लगातार बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 के अंत में कंपनी पर 2.90 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 5.30 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 9.29 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष में सितंबर 2025 तक कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ 4.85 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया था। इस अवधि में कंपनी के रिजर्व और सरप्लस में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में ये 2.20 करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो 2023-24 में बढ़ कर 7.09 करोड़ रुपये हो गया।

# होम लोन सस्ता होने के बावजूद पिछले साल मकानों की बिक्री घटीः रिपोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। कीमतों में भारी उछाल के कारण देश के आठ बड़े शहरों में साल 2025 में मकानों की बिक्री एक प्रतिशत घटकर 3.48 लाख रह गयी। रियल एस्टेट सलाह कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि होम लोन पर ब्याज की दरों में नरमी के बावजूद यह गिरावट देखी गयी है। यह रिपोर्ट प्राथमिक आवास बाजार के आंकड़ों के आधार पर तैयार की गयी है। रिपोर्ट के अनुसार, रियल एस्टेट कंपनियों ने बताया कि होम लोन पर ब्याज दरों में कमी, मजबूत आर्थिक विकास और मुद्रास्फीति में कमी के कारण पिछले साल मकानों की बिक्री में गिरावट पर लगाम रही। आठ बड़े शहरों में शामिल मुंबई महानगरीय क्षेत्र में मकानों की बिक्री पिछले साल एक प्रतिशत बढ़कर 97,188 इकाई पर पहुंच गयी। वहीं औसत कीमत सात प्रतिशत बढ़कर 8,856 रुपये प्रति वर्ग फुट पर पहुंच गयी। बेंगलुरु में 55,373 इकाई की के साथ बिक्री लगभग स्थिर रही और औसमत कीमत 12 प्रतिशत बढ़कर 7,388 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गयी। पुणे में बिक्री तीन प्रतिशत घटकर 50,881 इकाई रही जबकि कीमत पांच प्रतिशत बढ़कर 5,016 रुपये प्रति वर्ग फुट पर पहुंच गयी। दिल्ली-एनसीआर में बिक्री में नौ प्रतिशत की सबसे बड़ी गिरावट देखी गयी। यहां पिछले साल 52,452 मकान बिके। दूसरी तरफ, औसत कीमत 19 प्रतिशत की सर्वाधिक वृद्धि के साथ 6,028 प्रति वर्ग फुट पर रही। हैदराबाद में बिक्री चार प्रतिशत बढ़कर 38,403 इकाई पर और कीमत 13 फीसदी बढ़कर 6,721 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गयी। अहमदाबाद में घरों की बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 18,752 इकाई पर रही और औसत कीमत तीन प्रतिशत बढ़कर 3,197 रुपये प्रति वर्ग फुट पर पहुंच गयी।

## सीएमएस को एसबीआई की एटीएम देखरेख के लिए मिला 1000 करोड़ रुपये का ठेका

मुंबई। नकदी प्रबंधन पर केंद्रित सीएमएस इंफो सिस्टम्स को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) से उसकी 5000 ऑटोमेटेड टेलर मशीनों (एटीएम) की देखरेख करने के लिए 1,000 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। सीएमएस को यह ठेका 1 जनवरी से 10 साल के लिए मिला है। सीएमएस इंफो सिस्टम्स ने बुधवार को जानकारी दी कि उसे एसबीआई की 5 हजार ऑटोमेटेड टेलर मशीनों (एटीएम) की देखभाल के लिए 1,000 करोड़ रुपये का ठेका एक जनवरी से 10 साल के लिए मिला है। इसमें प्रबंधित सेवाएं, नकदी दक्षता में सुधार और एटीएम की कार्यक्षमता में वृद्धि शामिल है, जिससे लाखों बैंक ग्राहकों को लाभ होगा।

# सर्राफा बाजार में तेजी जारी, सोना और चांदी की बढ़ी कीमत

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का रुख जारी है। सोने के भाव में आज 550 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 600 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। इसी तरह चांदी भी आज दिल्ली में 5,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक महंगा हो गया है। सर्राफा बाजार में आज आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,38,830 रुपये से लेकर 1,38,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,27,260 रुपये से लेकर 1,27,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना की तरह चांदी की कीमत में भी उछाल आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में आज ये चमकीली धातु ढाई लाख के स्तर के पार जाकर 2,53,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,38,980 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,27,410 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,38,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,27,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,38,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,27,310 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,38,830 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,27,260 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,38,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,27,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,38,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,27,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,38,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,27,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,38,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,27,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,38,980 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,27,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बीएचयू के द्रव्यगुण विभाग के जूनियर रेजिडेंट को वैज्ञानिक प्रस्तुति में प्रथम पुरस्कार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




वाराणसी। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के आयुर्वेद संकाय अंतर्गत द्रव्यगुण विभाग के जूनियर रेजिडेंट डॉ. विष्णु दर्शन ने राष्ट्रीय स्तर की वैज्ञानिक संगोष्ठी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है। यह उपलब्धि उन्होंने विभाग के सहायक प्रोफ़ेसर डॉ. बिनय सेन के मार्गदर्शन में हासिल की। विश्वविद्यालय के जनसम्पर्क अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि वैद्यरत्नम आयुर्वेद कॉलेज, त्रिशूर (केरल) में संस्थान के स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर राष्ट्रीय संगोष्ठी ल्लसाक्ष्य 2026 ऽ एविडेंस बेस्ड आयुर्वेदः लेट एविडेंस लीडङ्क का आयोजन किया गया था। इस संगोष्ठी का उद्घाटन आयुष मंत्रालय के सलाहकार (आयुर्वेद) एवं भारत सरकार के डीजीएचएस (आयुष) के महानिदेशक डॉ. रघु अरक्कल ने किया। संगोष्ठी के अंतर्गत आयोजित ऑनलाइन वैज्ञानिक सत्रों में देश के 17 राज्यों से 250 से अधिक शोध प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गईं। संगोष्ठी के दौरान 5 जनवरी को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में उत्कृष्ट वैज्ञानिक प्रस्तुति के लिए डॉ. विष्णु दर्शन को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विभाग के आचार्यों ने इस उपलब्धि पर हर्ष जताकर रेजिडेंट को शुभकामनाएं दी हैं।

# सुलतानपुर में धान खरीदी बाधित, किसानों को भुगतान में देरी से नाराज विधायक ने अधिकारियों को फटकारा

- जयसिंहपुर सहकारी समिति के धान खरीद केंद्र का बुरा हाल
- विधायक को खरीद केंद्र में नहीं मिले अधिकारी



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले में किसानों की समस्याओं को लेकर सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने बुधवार को कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने जयसिंहपुर सहकारी समिति के धान खरीद केंद्र का औचक निरीक्षण किया और धान खरीद व भुगतान में देरी पर अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी। विधायक को पिछले कुछ दिनों से किसानों से लगातार शिकायतें मिल रही थीं। किसानों का कहना था कि धान दिए हुए उन्हें 10 दिन से अधिक हो गए हैं, लेकिन न तो उनके अंगूठे का निशान (बायोमेट्रिक) लग पा रहा है और न ही भुगतान उनके खातों में आया है। शिकायतों के बाद विधायक राज प्रसाद उपाध्याय अचानक धान केंद्र पर पहुंचे। वहां अधिकारी के न मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। जांच में पता चला कि पीसीएफ (प्रोविंशियल कोऑपरेटिव फ़ेडरेशन) के जिला अधीक्षक (डीएस) की लापरवाही के कारण बोरों की व्यवस्था नहीं हो पाई थी, जिससे पूरी खरीद प्रक्रिया बाधित थी। विधायक ने मौके से ही पीसीएफ विभाग के अधिकारी को फोन लगाकर फटकार लगाई। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि यदि 10 मिनट के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे जिलाधिकारी और शासन स्तर पर इसकी शिकायत करेंगे। राज प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि किसान परेशान हैं, उन्हें गेहूं में खाद डालनी है और अन्य काम करने हैं। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि आपसी खींचतान और बोरों की कमी के बहाने अब नहीं चलेंगे। विधायक ने स्पष्ट किया कि यदि जनता बेहाल रहेगी, तो अधिकारियों को भी बेहाल कर दिया जाएगा। विधायक ने केंद्र पर अधिकारियों की अनुपस्थिति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने मोदी और योगी सरकार की मंशा को दोहराते हुए कहा कि किसानों के हितों पर डाका डालने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने भविष्य में ऐसी किसी भी लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी ।

## हत्या मामले में फरार दो आरोपित गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र के कैमराला गांव में हुई युवक की हत्या में वांछित दो आरोपितों को बुधवार सुबह पुलिस ने चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में एक दिन पूर्व दो आरोपितों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर चुकी है। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) सुधीर कुमार ने बताया कि आज सुबह थाना दादरी पुलिस नॉर्थलैंड तिराहे के पास बैरियर लगाकर चेकिंग कर रही थी। तभी सूचना के आधार पर हत्या मामले में फरार सोनू पुत्र ओंकार तथा हर्ष हूण पुत्र खड़क सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से पुलिस ने एक तमंचा और कारतूस बरामद किया है। एसीपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों ने बीते दिनों कैमराला गांव में हरकेश और मोहित पर घातक हमला कर दिया था।

# फरार चल रहे लुटेरे को पुलिस ने किया गिरफ्तार, महिला कांस्टेबल से की थी लूट

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कानपुर। उत्तर प्रदेश के जनपद कानपुर में महिला कांस्टेबल से लूट के मामले में फरार चल रहे आरोपित को सीसामऊ पुलिस ने सर्विलांस की सहायता से गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया शातिर साल 2021 में आर्म्स एक्ट के मामले में जेल जा चुका है।

पुलिस उपायुक्त मध्य श्रवण कुमार सिंह ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर मामले का खुलासा करते हुए बताया कि सिविल लाइंस स्थित महिला थाने में बतौर कंप्यूटर ऑपरेटर तैनात महिला कांस्टेबल बीती 28 दिसंबर की सुबह अपनी ड्यूटी समाप्त कर चमनगंज स्थित अपने आवास जा रही थीं। तभी ऑटो से उतरते ही स्कूटी सवार दो अज्ञात लुटेरे झपट्टा मारकर उनका पर्स ले उड़े थे। इस मामले में पुलिस एक जनवरी को एक लुटेरे को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है जबकि उसका दूसरा साथी शहर छोड़कर फरारी काट रहा था। जिसे सर्विलांस की सहायता से ट्रेस कर गिरफ्तार कर लिया गया है। पकड़े गए शातिर के पास से सात सौ रुपये नकद और महिला कांस्टेबल से छीना हुआ ब्लूटूथ डिवाइस भी बरामद किया गया है। पहचान बेकनगंज निवासी शयान रजा के रूप में हुई है। उसने बताया कि बीती 27 दिसंबर की रात अपने साथी के साथ शराब पार्टी की थी। पैसे खत्म होने के बाद अगली सुबह उन्होंने महिला से लूट की घटना को अंजाम दिया था। बताते चलें कि शातिर साल 2021 में आर्म्स एक्ट के मामले में जेल भी जा चुका है।

# पूविवि व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा ,जौनपुर-गाजीपुर के लिए समय सारिणी जारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

जौनपुर। यूपी के जौनपुर स्थित वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने संबद्ध महाविद्यालयों में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा समय-सारिणी जारी कर दी है। जौनपुर और गाजीपुर के महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए यह परीक्षाएं 16 जनवरी से 27 फरवरी 2026 के बीच आयोजित होंगी। यह परीक्षाएं अलग-अलग तिथियों में एक और दो पालियों में आयोजित की जाएंगी। परीक्षा संचालन के लिए दोनों जिलों में पहले से ही परीक्षा केंद्र निर्धारित किए जा चुके हैं।परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने मंगलवार शाम को यह सारिणी जारी की।बीएससी कृषि प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 16 जनवरी से 9 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगी। बीएससी कृषि के नियमित और कैरी फारवर्ड विद्यार्थियों की परीक्षा 16 जनवरी से 11 फरवरी तक चलेगी, जिसमें पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। परास्नातक स्तर पर एमएससी कृषि की परीक्षा 17 जनवरी से 27 फरवरी तक सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एक पाली में होगी।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
मेजर के किशोर
हरीशंकर शुक्ल पीपीएस (रि)

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**कार्यकारी संपादक**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
मनोज कुमार शुक्ला

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# अधोमानक खाद्य पदार्थों पर कड़ी कार्रवाई चार मामलों में 4.60 लाख का जुर्माना

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से मिलावटी व अधोमानक खाद्य पदार्थों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न दुकानों व प्रतिष्ठानों से लिए गए खाद्य पदार्थों के नमूने जांच में अधोमानक पाए जाने पर अपर जिलाधिकारी (नगर) सौरभ दुबे के आदेश से चार मामलों में कुल 4 लाख 60 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पी.के. राय ने चार अप्रैल 2025 को मैसर्स आर.एस. किराना स्टोर का निरीक्षण किया था। इस दौरान किशमिश (किंग ब्रांड अंकल) का नमूना लिया गया, जो जांच में अधोमानक पाया गया। इस प्रकरण में निर्माता गोल्डन वैली ओवरसीज, डी-122 बुलंदशहर रोड इंडस्ट्रियल एरिया, गाजियाबाद पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार ने 29 नवंबर 2024 को मैसर्स राधे-राधे किराना स्टोर से धनिया पाउडर, किशमिश (निर्माता के मूल पैक में) का नमूना लिया गया था। नमूना अधोमानक पाए जाने पर निर्माता पतंजलि फूड्स प्रा. लि. (पूर्व में रुचि सोया इंडस्ट्रीज लि.), हरिद्वार, उत्तराखंड पर एक लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी इंद्रजीत सिंह ने 26 अक्टूबर 2024 को मैसर्स अब्दुल हमीद इंटरप्राइजेज के निरीक्षण के दौरान मल्टी सोर्स एडिबल ऑयल (बालक ब्रांड) का नमूना लिया था। जांच में इसे भी अधोमानक पाया गया, जिस पर निर्माता मैसर्स श्री दुर्गा ऑयल मिल, एफसीआई रोड, किच्छा, उत्तराखंड पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी तरह खाद्य सुरक्षा अधिकारी राघवेंद्र प्रताप वर्मा ने 3 जनवरी 2025 को द बियर कैफ़े का निरीक्षण कर पनीर का नमूना लिया था। नमूना अधोमानक मिलने पर निर्माता मैसर्स मंगलम फूड एवं बेवरेजेज (द बियर कैफ़े), पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली पर एक लाख 60 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया। अपर जिलाधिकारी (नगर) सौरभ दुबे ने बुधवार को बताया कि जनता के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर प्रशासन पूरी तरह गंभीर है। जो भी निर्माता, विक्रेता या प्रतिष्ठान नियमों का उल्लंघन करते पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

# चौकाघाट क्रासिंग के पास पुल निर्माण शुरू, साइड रास्ता न होने से बढ़ी राहगीरों की परेशानी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बाराबंकी। बाराबंकी जिले के रामनगर तहसील स्थित चौकाघाट क्रासिंग के समीप सेतु निगम द्वारा पुल निर्माण कार्य तो शुरू करा दिया गया है लेकिन निर्माण एजेंसी की लापरवाही के चलते अब तक वैकल्पिक साइड रास्ते की व्यवस्था नहीं की गई है जिससे आम राहगीरों, मरीजों और स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि साइड रास्ता रास्ता सही से न देने के कारण लोगों को कई किलोमीटर घूमकर आना-जाना पड़ रहा है। हाल ही में साइड रास्ता न होने की वजह से एक गर्भवती महिला सहित दो घायल व्यक्तियों को इलाज के लिए घूमकर सिरौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद् पहुंचना पड़ाजिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई। जो रास्ता बनाया है वो जिस फर्म ने मशीनरी लगाई है उसी के अंदर से जबरदस्ती लोग निकल रहे लेकिन स्थाई रास्ता नहीं बनाया जब कि पुल दो साल तक बनेगा ।मामले को गंभीर बताते हुए ग्राम प्रधान मडना शैलेन्द्र सिंह पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष महादेवा ने इस लापरवाही पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने जिलाधिकारी को लिखित शिकायत देकर सेतु निगम के अफसरों व कार्यदाई फर्म पर मनमानी का आरोप लगाते कार्रवाई की मांग की है और शीघ वैकल्पिक मार्ग बनाए जाने की आवश्यकता जताई है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से मांग की है कि जब तक पुल निर्माण कार्य पूरा नहीं हो जाता तब तक सुरक्षित साइड रास्ते की तत्काल व्यवस्था कराई जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# जालौन में जल जीवन मिशन के काम सुस्त, कई गांवों में क्षतिग्रस्त पाइप लाइनें, सड़कें तक ठीक नहीं

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उरई। उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन के जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल योजना की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए कहा कि पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब क्षम्य नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि अवशेष कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर आमजन को निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराया जाए। समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि योजना के अंतर्गत जनपद में लगभग 1600 किलोमीटर सड़कों की खुदाई की गई थी, जिनमें से 1260 किलोमीटर सड़कों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। जांच में यह भी सामने आया कि 264 ग्राम पंचायतों में लगभग 330 किलोमीटर सड़क निर्माण अभी अवशेष है। इस पर जिलाधिकारी ने कार्यदायी एजेंसियों जीवीपीआर एवं बीजीसीसी को निर्देश दिए कि 31 जनवरी तक प्रत्येक ग्राम पंचायत में सड़क पुनर्निर्माण का कार्य अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए। बैठक में विभिन्न स्थानों पर निर्माण कार्यों के दौरान क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों के कारण कई ग्रामों में पिछले चार माह से बाधित जलापूर्ति हुई है। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग और संबंधित निर्माण खंडों को निर्देश दिए कि ग्राम कुरकुरू, करथरा, गुढ़ा, सिमरिया, टीहर, धन्जा एवं गिरथान सहित सभी प्रभावित गांवों में क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों को जनवरी माह के भीतर दुरुस्त कर जलापूर्ति सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि पुलिया एवं कल्वर्ट निर्माण के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, इसलिए भविष्य में ऐसे निर्माण कार्यों के प्राक्कलन में पाइपलाइन शिफ्टिंग को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा किसी भी खुदाई कार्य से पूर्व प्रतिदिन व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से वर्क प्लान साझा किया जाए, जिससे आपसी समन्वय स्थापित कर नुकसान से बचा जा सके। विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्याओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि कोटा मुस्तकिल पेयजल योजना के अंतर्गत इंटेकवेल एवं जल शोधन संयंत्र को स्वतंत्र फीडर से जोड़ा जाना आवश्यक है, ताकि लो वोल्टेज की समस्या समाप्त हो सके। सहाव, धनौरा कलां, सरावन, सारंगपुर, मिझौना, सिंगपुरा एवं चतेला नलकूप पेयजल योजनाओं में स्थापित ट्रांसफॉर्मरों पर दो दिन के भीतर विद्युत आपूर्ति प्रारंभ कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को चेतावनी देते हुए कहा कि मैनपॉवर बढ़ाकर सड़क पुनर्निर्माण, पाइपलाइन मरम्मत और जलापूर्ति कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि हर घर जल योजना सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता नमामि गंगे ग्रामीण अंचल गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# धूम धाम से मनाया गया संकष्टी गणेश चतुर्थी का पर्व चंद्र दर्शन के बाद व्रती माताओं ने किया पारण



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

जौनपुर। यूपी के जौनपुर में माघ मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर संकष्टी गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया गया। मंगलवार देर रात व्रती माताओं ने यह व्रत रखा। यह व्रत प्रीति योग में सर्वार्थ अमृत सिद्ध योग के संयोग में किया गया।

मंगलवार रात चंद्रोदय 8:45 बजे से 9:30 बजे तक रहा। इस दौरान व्रती माताओं ने चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया। हालांकि, जौनपुर जनपद में घने बादल छाए रहने के कारण चंद्र दर्शन में बाधा आई। चंद्रमा के दर्शन न होने पर कई लोगों ने अन्य प्रदेशों में रहने वाले अपने रिश्तेदारों के माध्यम से मोबाइल फोन पर वीडियो कॉल के जरिए चंद्र दर्शन कर पूजा-अर्चना की। विद्वान ज्योतिषाचार्य डॉ. अखिलेश मिश्रा ने व्रत के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस दिन व्रती महिलाएं दिनभर उपवास रखती हैं। चंद्रोदय से पूर्व स्नान कर नए वस्त्र धारण किए जाते हैं। खुले आसमान के नीचे गोबर से लीपकर चौक पूरा जाता है, जहां पूजन की सभी वस्तुएं रखी जाती हैं। मान्यता है कि इस व्रत के करने से संकटों से मुक्ति मिलती है। महिलाएं अपने पुत्रों की दीर्घायु, परिवार की सुख-समृद्धि और मंगल कामना के लिए यह व्रत रखती हैं। यह व्रत विघ्न-बाधाओं का निवारण करता है और परिवार में धन-धान्य व ऐश्वर्य में वृद्धि करता है। चंद्रोदय के पश्चात चंद्रमा को लाल चंदन, कुश, दूर्वा, फूल, अक्षत और शमी पत्र आदि के साथ तांबे के पात्र से अर्घ्य दिया जाता है। इस व्रत में गौर गणेश और चंद्रमा का विशेष पूजन किया जाता है। पूजन में भगवान गणपति को प्रत्येक वस्तु चार की संख्या में चढ़ाई जाती है, जिसमें लाल कंद, फल, गुड़, तिल्ली, पान और तिल शामिल हैं। गुड़, तिल और घृत की आहुति भी दी जाती है। चार बत्तियों वाले दीपक के साथ गणेश आरती की जाती है और गणेश जी की चार कथाएं कही व सुनी जाती हैं। काले तिल, जल और फूल को हाथ में लेकर चार बार प्रदक्षिणा करते हुए अर्घ्य देने का विधान है। व्रत में गुड़, काली तिल और लाल कंद (मूली), पान के पत्ते का विशेष महत्व बताया गया है। पूजन के पश्चात सिंघाड़े का हलवा, कंद, दूध और चाय आदि का फलाहार किया जाता है।